संस्कृत भाषा को मर्यादित समाज में स्तुत्य स्थान प्राप्त था।[७] यह स्थान अपने आपमें एक उदात्त सामाजिक मान्यता को प्रदान करता था। वेद से पूर्व और उत्तर वैदिक काल में संस्कृत को संस्कृत होने में समय लगा होगा। इस दीर्घकाल में संस्कृत वस्तुतः संस्कृत बनी और परवर्तीकाल में सामाजिक पृष्ठभूमि में इसकी प्रतिष्ठा को दिव्य रूप मिला। दिव्यता का यह परिवेश समाज में अभी भी वर्तमान है। संस्कृत भाषा के सामाजिक स्वरूप को समझने में इसकी प्रतिष्ठा के बोध को सुबोध करना होगा।[८] समाज में किसी भाषा को स्थान ग्रहण करने में जो समय लगता है, उसी से उसकी सामाजिक सीमा का परिदर्शन भी होता है। संस्कृत भाषा का समाज में स्थान भाषाई इकाई से अधिक धार्मिक इकाई के रूप में प्रतिष्ठित है, यद्यपि यह एक परिमार्जित भाषा थी और समाज में इसको आदर प्राप्त था।[९] सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक कारणों से इसे दिव्यता के परिवेश से सम्पृक्त कर दिया गया। जिस वर्ग ने, जिस व्यक्ति ने, जिस समष्टि ने इसे धार्मिक इकाई के रूप में प्रतिष्ठित किया, उसने ऐसा समय से प्रभावित होकर किया या मानव-मन की शाश्वत प्रकृति की विकृति को दूर करने के लिये किया। लक्ष्य चाहे जो भी हो समय का समाधान समय से ही सम्भव है।[१०] यह सम और भव के साथ या भव में सम रखने के लिये किया जाता है। आज तक जो कुछ हुआ है उसमें गुण ही अधिक है। दोष तो वर्तमान के परिवर्तमान प्रतिकूल कार्यकारण का परिणाम है।

अतः संस्कृत की सामाजिक भित्ति समस्त जाति और परम्परा के साथ सम्पृक्त है। इसके स्वरूप की व्याख्या में इस देश की समस्त भाषाएँ तथा बोलियों की शक्ति वर्तमान है। आज जो हो रहा है वह स्वार्थ से ग्रस्त और त्रस्त मानव की कर्कश ध्वनि के अतिरिक्त कुछ नहीं है। संस्कृत तो समाजवाद, साम्यवाद और पूँजीवाद के समस्त सूत्रों का सूत्र है। कन्या कुमारी से लेकर हिमालय की ऊँची पर्वतमालाओं के मूल निवासियों के पास पहुँचने पर भी संस्कृत भाषा का कोई न कोई टुकड़ा अवश्य ही ध्वनित होगा।[११] समाज के किसी न किसी व्यावहारिक पटल पर संस्कृत का **असतो मा सद्गमय** की ध्वनि प्रतिध्वनित होती रहेगी।

भारतीय एकता के संदर्भ में संस्कृत की कार्यशीलता सर्वोपरि है। इसकी एकता की ही पृष्ठभूमि में आर्य-अनार्य हिन्दू-मुस्लिम तथा विभेद बुद्धि की परिसमाप्ति हो गई।[१२] संस्कृत के सम्बन्ध में आर्य-अनार्य का मिथ उत्पादित है। इस सिद्धान्त में बौद्धिक प्रवीणता के चमत्कार के अतिरिक्त कुछ नहीं है।[१३] मुसलमानों ने भी सदा संस्कृत को महत्वपूर्ण स्थान दिया।[१४] अनेक ऐसे संस्कृत के मूर्धन्य कवि और लेखक मुस्लिम शासन की ही देन रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण विषय यह है कि संस्कृत और भारत एक दूसरे का पर्यायवाची हैं।[१५] भाषा के इस स्वरूप के सम्बन्ध में यही कहा जा सकता है कि यदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्कृत नहीं होती तो विश्व में भारत का नाम उस गौरव से नहीं लिया जाता, जिस गौरव से आज लिया जा रहा है। संस्कृत भाषा की अतुलनीय गरिमा से मण्डित भारतीय सामाजिक चेतना का स्वर दक्षिण पूर्व एशिया तथा पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रहने के कारण भारत का नाम लिया जाता है।[१६]

संस्कृत भाषा के ऐतिहासिक विकास में यहाँ के ऐतिहासिक पुरावृत्त को छोड़कर मात्र प्रशस्ति के पक्ष पर ही विचार करना है। संस्कृत अनेक लेखकों और कवियों की कहानी ही नहीं, अपितु जननी है। संस्कृत भाषा को प्राचीन काल से लेकर अद्यपर्यन्त अनेक व्यवस्थाओं से अवक्रमित होना पड़ा है। समाज ने इसे अनेक दृष्टियों से स्वीकारा। प्राचीन युग में वेदों के माध्यम से ही संस्कृत का प्रचार समझा जाता था।[१७] परवर्ती समय में श्रुति, स्मृति, उपनिषद्, आरण्यक और ब्राह्मणग्रन्थों की रचना हुई। समाज में संस्कृत प्रतिष्ठित होती गयी। पुराणों तथा उपपुराणों के सहारे समाज में संस्कृत प्रतिष्ठित होती गयी। पुराणों तथा उपपुराणों की रचना ने संस्कृत को अधिनायकत्व का बाना पहना दिया। यह अधिनायक शासन में जितना प्रवीण था शोषण में भी उतना ही दक्ष हो गया।[१८] इसके बाद यह एक कालिक बन गयी। इस ग्राम मार्ग पर सभी आसानी से चलने लगे। चरैवैति का यह क्रम अद्यपर्यन्त व्यवहार्य है। अपनी व्यापक सामाजिक व्यवस्था की अनुकूलता के कारण संस्कृत का प्रवाह दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में जा पहुँचा। वहाँ मंदिरों तथा बड़े-बड़े चैत्यों में संस्कृत की प्रशस्ति उत्कीर्ण है।[१९]

वस्तुतः संस्कृत का सामाजिक विकास मानव की सामाजिक अनुशासन-प्रियता का परिणाम है। समाज ने संस्कृत के सभी व्यावहारिक पक्षों को अपनाया।[२०] आहार-विहार, आचार-विचार, धर्म-कर्म और सुकर्म-कुकर्म वर्तमान है। संस्कृत भाषा को बुद्धिजीवी की भाषा के रूप में उत्पादित और उत्साहित किया गया।[२१] यह व्यवस्था समाज की देन थी। संस्कृत को लोकप्रियता की सीढ़ी से अधोगामी बनाने के लिये प्राकृत तथा पालि का भी कम प्रचार-प्रसार नहीं था।[२२] संस्कृत एक वर्ग की निरीह व्यवस्था में जीवित थी और प्राकृत भाषा तो उपेक्षा-अपेक्षा में जीवित थी। संस्कृत भाषा को जीवन का अनिवार्य अंग कभी घोषित नहीं किया गया, अपितु कालक्रम में ऐसा सहज ही हो गया।[२३] शक्ति की प्राप्ति के लिए समाज ने इसे अपनाया। जीवन में आशा, विश्वास, धर्म और आस्था की आवश्यकता है। संस्कृत ने इस ऊर्जा को प्रज्वलित किया।[२४] आध्यात्मिकता के आलोक से इसने समाज को आलोकित किया। संस्कृत का यह स्वरूप सर्वाधिक प्रशंसनीय है। आज भी जाति तथा धर्म के भेद-विभेद के वायुमंडल में यह वर्तमान है। समस्त विश्व में एक नया सिद्धान्त एक नया आदर्श स्थापित करने में संस्कृत का उपयोग किया गया।[२५] आज अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव की बड़ी चर्चा है। एक राष्ट्र दूसरे को कुछ देकर सद्भाव बढ़ा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रहा है। इसमें प्रत्येक देश की व्यय राशि अरबों की है। लक्ष्य यही है कि कुछ देकर संसार में अपनी संस्कृति और सभ्यता की धाक जमाई जाय।[२६] यह धाक या साख उस युग में संस्कृत के माध्यम से ही जमती थी। जो काम संस्कृत भाषा ने किया वह प्राकृत और पाली से सम्भव नहीं था, क्योंकि दोनों ही भाषा-विशेष का परिसर संकीर्णता से आवृत था।

संस्कृत की भाषायी क्षमता के कारण अदूर अतीत में प्राकृत और पाली का विकास अवरुद्ध हो गया। संस्कृत के स्थायित्व की स्थिति में इसकी भाषा वैज्ञानिक क्षमता **न भूतो न भविष्यति** थी।[२७] सामाजिक मान्यता के पीछे भी यही रहस्य था। इसकी सार्वजनिक शक्ति की उपादेयता को मानते हुए संस्कृत भाषा समाज के अन्तःस्थल से चिपटी रही।[२८]

सामाजिक दृष्टि से इसके विकास के पीछे परम्परागत सामाजिक मान्यता की विद्याओं का हाथ है। परिवेश की पार्श्ववर्ती परिक्रमा के क्रम में संस्कृत सदा स्थायित्व की सीमा में अवरुद्ध रही।[२९] संस्कृत अपने सम्पूर्ण क्रम में एक विराट इतिवृत्त की चर्चा के महासागर में सद्रत्न की प्राप्ति है। इसे विश्व के प्राचीन भाषाओं की कोटि में प्रवरता प्राप्त है।

संस्कृत सामाजिक व्यवहार में व्यवहार्य थी। जनभाषा के रूप में समाज इसे ग्रहण कर चुका था। विक्रम और भोज की सामाजिक जनवृत्ति से भी इसकी पुष्टि होती है।[३०] भले ही काल निर्धारण की तिथि कालकवलित हो गयी हो। ईसा के १५०वें वर्ष में प्राप्त रूद्रदामन के शिलालेख से भी इसकी पुष्टि होती है।[३१]

संस्कृत का सामाजिक प्रचलन अनेक असुविधाओं के प्रपातों से टकराता हुआ स्थायित्व की ओर सर्वदा अग्रसर होता रहा। समाज के अनेक वर्गों से इसका संघर्ष चलता रहा। यह संघर्ष अपने व्यापक क्रम में पछाड़ भी खाता रहा। बौद्ध और जैन धर्म के कारण भी संस्कृत भाषा को सामाजिक धरातल पर स्थापित होने में दुर्बलता का शिकार होना पड़ा।[३२] इस समय समाज के एक विशेष वर्ग में यह सीमित रहा। यह वर्ग प्रबुद्ध था। कर्म, विचार और शील से सम्पन्न यह समाज इस भाषा की उदारचेता प्रवृत्तियों का उद्बोधक रहा। इसे ही पीछे ब्राह्मण की संज्ञा से विभूषित किया गया। ब्राह्मण ने सर्वस्व त्याग कर संस्कृत की रक्षा थी।[३३] विदेशों में भी जाकर संस्कृत का प्रचार-प्रसार किया। जनमानस को राष्ट्रीयता के स्वर से मण्डित किया। आर्य-अनार्य के भेदभाव को समाप्त किया। जाति-पाँति के स्वरूप को नियमित किया। समाज के प्रत्येक वर्ग के कार्य को एकत्रित किया।[३४] समाज को संतुलित ढंग से चलाने की चेष्टा की। समाज की मौलिक प्रतिभा को जागृत किया। इतना सब कुछ होते हुए भी भारतीय विभेद की राजनीति की ओर बढ़ रहे हैं। इसका उत्तर स्पष्ट है जो राजनीतिक स्वार्थ से सम्बन्धित है। पाश्चात्य विद्वानों की भ्रमात्मक आर्य-अनार्य की परिभाषा की परिधि में पड़कर भी यह विवाद की प्रतिवादी प्रवृत्ति जनम गयी है।[३५] अपने यहाँ के विद्वानों की भी पश्चिमी मान्यता पर आधारित अनुसंधान के कारण ही विवादास्पद वातावरण बना है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्कृत भाषा को दैवी पृष्ठभूमि से हटाकर देखने के बाद ही इसके सामाजिक विकास को ठीक से समझा जा सकेगा।[३६] तटस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ विचार को अपना सकेगा। भाषा के इतिहास को मात्र उसके कवियों, लेखकों, निबंधकारों और महाकाव्यकारों की कार्य पद्धति और रचना-शैली से ही नहीं देखना होगा अपितु इससे भिन्न भाषा की क्रमिक सहजता और सर्वग्राह्यता को भी स्वीकार करना होगा। परस्पर ग्राह्यता सरलता होने पर ही सम्भव है। संस्कृत भाषा भी एक सहजता में आबद्ध है। ईसा से पूर्व और ईसा के बाद की शताब्दियों में भी संस्कृत की व्यावहारिक उपयोगिता एक ही रूप में विद्यमान रही। हजारों वर्षों के बाद भी "सः गच्छति" और "सा गच्छति" में कोई प्रतियोगिता का अन्तर नहीं पाया गया।[३७] पाणिनि का व्याकरण पाणिनि की बौद्धिक कृति मात्र नहीं है, अपितु हजार वर्षों से जनमानस में प्रचलित संस्कृत भाषा के व्यवहारिक रूप का संकलन है। इसे ही सूत्रात्मक शैली में अभिव्यक्त किया गया है।[३८]

संस्कृत भाषा के विकास में सामाज़िक रूढ़ियों और व्यवहारों का जितना महत्त्व रहा है उतना महत्त्व किसी अन्य पहलू को नहीं दिया गया है। विकास की इस सूक्ष्मता को कभी नकारा नहीं जा सकता हैं। इसे स्थूल दृष्टि से देखना ही इसकी महानता और व्यापकता के प्रति अन्याय करना होगा।[३९]

लोकमत में संस्कृत भाषा के अध्ययन तथा अध्यापन का व्यापक विस्तार है। समाज में पुरुषार्थचतुष्टय की उपासना के क्रम में इसे स्थान दिया गया। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के संदर्भ में इसकी परियोजना बनायी गयी। लोगों ने संस्कृत का अर्थ इसे ही समझ लिया।[४०] यह समझना गलत था या ठीक यह कहा नहीं जा सकता है। सामान्य जनता इसके धार्मिक ग्रन्थों की विपुलता से त्रस्त है। यद्यनि निराशा के वातावरण में इसका विकास रुका, तथापि कौटिल्य का अर्थशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र से समाज का कम उपकार नहीं हुआ हैं। जीवन की उपलब्धि तो आर्थिक सुख की सुखद कल्पनाओं के साथ ही होती है और इस भाषा ने समाज को दोनों ही ओर उन्मुख किया। आध्यात्मिक आलोक के लोक में विचार न करने का व्यामोह और जीवन को जीने की व्यवस्था दोनों ही इसी के माध्यम से सम्भव हुआ।[४१]

संसार और असार दोनों की ही परिभाषा का स्रोत इसी से निकला।[४२]

समाज संस्कृत भाषा को जनजीवन की धार्मिक उपादेयता से जोड़ता है।[४२] धर्म का महत्त्व आज के समाज में विद्यालयों के वर्ग के क्षणिक अवकाश के समान है। लोकमत भी इसी पर अवलम्बित है। लोकजीवन की अपनी निष्ठा भौतिकवादी परम्परा से सम्बद्ध है। इस सम्बद्धता के साथ ही समाज चल रहा है। चलने का यह क्रम अव्याहत भाव से जीवित है। वस्तुतः धार्मिक क्रम से जीवन का सम्बन्ध नगण्य है। अतः ईश्वरत्व का बोध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जीवन की वास्तविक समस्याओं के दार्शनिक कारण पर आश्रित है।[४३] भाषा को धर्म से जोड़ना समय से पूर्व ही गर्भपात करा देने के समान है। समाज सदा ही सत्य के व्यवहार्य मूल्यों पर आश्रित है। समाज और धर्म अलग-अलग इकाई है। अन्योन्याश्रित होने पर भी सम्बन्ध सापेक्ष माना जायेगा। संसार गलतफहमियों, कटुताओं और संघर्षों से विदीर्ण है।[४४]

समाज संस्कृत की उपादेयता को भावनात्मक धरातल पर अभी भी देख रहा है किन्तु इसे देखने में कहीं भी तथ्य का अंश नहीं है। तथ्य इसलिये नहीं है कि सामाजिक सत्य की बुनियाद किसे बनाया जाय? समाज अभी चल सकता है जब परिस्थिति का संकुचन अपने मार्ग पर आरूढ़ होकर चले। भारतीय संस्कृति का विकास एक अद्‌भुत मिश्रण है। अनेक जातियों का संगम हुआ। वे जातियाँ अब नहीं हैं, पर उन जातियों का चरित्र और स्वरूप अभी भी सर्वत्र दिखलाई पड़ता है।[४५] चारों ओर एक विकृत समाज दृष्टिगोचर हो रहा है, जिनका सर्वस्व छिन चुका है, बची है अब मात्र अस्थि और मृतकाय। समाज संस्कृत को मर्यादित रूप में जीवित नहीं रख सका।

राष्ट्रभाषा के संदर्भ में संस्कृत का व्यवहार निश्चय ही इसके सामाजिक स्वरूप को उजागर कर सकता है।[४६] राष्ट्रभाषा के सम्बन्ध में बराबर विवाद रहा है।[४७] ईसा पूर्व के भारत में राष्ट्रभाषा का अर्थ सीमित था एवं राष्ट्र भी एक छोटे से ग्रामस्तर से परिवृत्त था। वर्तमान समय का जिला स्तर या कमिश्नरी स्तर ही उस युग का राष्ट्र था। आज तो इसका विस्तार हो गया है। वैदिक युग में राष्ट्र शब्द का परिसीमन आर्य राष्ट्र से आर्यावर्त तक था।[४८] उत्तर वैदिक युग में यह भारत की महिमा से मंडित हो गया। भारत के साथ इसे भारतवर्ष और जय भी कहा जाने लगा।[४९] वर्ष शब्द का उपयोग देश के अर्थ में पुराणों में भी आया हैं। पुराणोत्तर काल में रचे गये गल्पों में तो अनेक बार राष्ट्र शब्द को एक मापक इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है। यह इकाई अपने आप में स्थूल वस्तु हैं। सिकन्दर के समय सिन्धुस्तान से बन गया हिन्दुस्तान। मुस्लिम काल में यह हिन्दोस्तां हो गया। आज यह भारत, इण्डिया और हिन्दुस्तान के व्यापक परिवेश में लिखा, पढ़ा तथा जाना जाता है।[५०]

वर्तमान परिवेश में राष्ट्रीयता का प्रयोग आंग्लजागरण से प्रभावित है। राष्ट्रीयता का एक रूप अथर्ववेद में भी मिलता है। राष्ट्रीयता का एक बृहद् देश के सम्पूर्ण जनजीवन के समन्वित संकल्प के व्यवहार तथा परिहार के लिये किया गया है। एक देश में अनेक जाति, धर्म तथा भाषा के बोलने वाले लोग रहते हैं।[५१] उनके बीच वर्तमान विभिन्नता के रहते हुए भी एक देश के प्रति आस्था पायी जाती है। इसे भावनात्मक एकता भी कहते है।[५२] भावनात्मक एकता का सम्बन्ध राष्ट्रीय जनजीवन से है। भारतीय परिवेश में राष्ट्रीय एकता का परिवेश स्वातंत्र्योत्तर तथा इसके पूर्व के समय में पाया जाता है।[५३] भारतीय राष्ट्रीयता की भावना का विकास १९२० ई० से ही स्पष्ट लक्षित हो रहा था। १९४७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ई० से परिष्कृत राष्ट्रीयता का दर्शन हुआ। भारतीय जनमानस एक सूत्र में गुँथ गया। सभी एक राष्ट्र के नागरिक हैं। यह भावना अपनी विरासत स्थापित कर रही थी। हिन्दी को यह प्रतिष्ठा मिली। देश के अहिन्दी भाषियों ने ही इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया। भारत के बहुसंख्यक लोग इसे बोलते हैं।[५४] छंद और बोल दोनों ही संस्कृत से प्रभावित है। हिन्दी के सम्बन्ध में यह कहा जाता है कि इसमें उर्दू के शब्दों का प्रयोग होता है। उर्दू विदेशी भाषा नहीं है। इसका उद्भव फारसी और हिन्दी के सम्पर्क से है। इसलिए इसे हिन्दुस्तानी भी कहते हैं। उर्दू में प्रचलित व्याकरण सम्बन्धी नियम का परिशीलन संस्कृत और फारसी व्याकरण से प्रभावित है।[५५] हिन्दी राष्ट्र समूह के मानस ही भाषा है।

संस्कृत भाषा तो भारतीय संस्कृति को प्रकट करने की क्षमता रखती है।[५६] संस्कृत की विशालता में निहित **आत्मतत्त्व की प्रभंजना से** हिन्दी का उत्कर्ष देखा तथा परखा जा सकता है। राष्ट्रभाषा हिन्दी और संस्कृत परम्परा में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध की है। यह देश, यहाँ की हवा और यहाँ का आकाश सब संस्कृत की संस्कृति से ओतप्रोत है। स्पष्ट है कि संस्कृत की महत्ता की स्रोतस्विनी के रूप में अब हिन्दी कार्य कर रही है। स्वतंत्रता के ६५ वर्षों के पश्चात् आज भी भारत की इस भूमि पर क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का आन्दोलन चल रहा है।

क्षेत्रीय भाषाओं के समर्थकों का कहना है कि राष्ट्रभाषा हिन्दी में वर्तमान तुलसी, सूर, मीरा और विद्यापति तो हिन्दी के कवि नहीं है। उन्हें क्रमश: अवधी, ब्रजभाषा, राजस्थानी और मैथिली के कवि के रूप में स्वीकार करना होगा।[५७] इसका उत्तर तो यही है कि हिन्दी की आत्मा में इन सभी भाषाओं का रक्त प्रवाहित है। हिन्दी मात्र मेरठ की खड़ी बोली ही नहीं है, यह तो भारत के सभी लोगों की भाषा है, जैसे भारतभूमि मात्र किसी जाति विशेष की नहीं है, अपितु इस देश में रहने वाले सभी समुदायों की हैं, ठीक इसी प्रकार भारतीय का तात्पर्य भारत में निवास करने वाले सभी लोगों से है। इसी प्रकार हिन्दी भाषा का तात्पर्य भारत में हिन्दी पर्याय की भाषाओं की समस्त शाखा तथा उप-शाखाओं से है।[५८] हिन्दी भी सभी क्षेत्रों की भाषाओं का केन्द्र है। यही कारण है कि इसे राष्ट्रभाषा के पद पर अभिषिक्त किया गया है। हिन्दी का क्षेत्रीय भाषाओं से संघर्ष नहीं है। क्षेत्रीय भाषाओं का संघर्ष मात्र राजनीतिक वितंडावाद पर स्थित है। राजनीति से भाषा पनपती है किन्तु इसका रूप सीमित हो जाता है। हिन्दी भाषा को भी क्षेत्रीय राजनीति से दूर रखना है। राष्ट्रभाषा हिन्दी और संस्कृत एक सिक्के के दो पहलू हैं।[५९]

संस्कृत के सामाजिक अभ्युत्थान से राष्ट्रभाषा हिन्दी को बल मिलेगा। स्वस्थ्य मानसिक विकास के लिये संस्कृत का विकास आवश्यक है। भावी पीढ़ी को भाषा के भ्रमजाल से मुक्त करने के लिये संस्कृत ही एकमात्र सहारा है। संस्कृत एक व्यापक भाषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं राष्ट्रीय भावना का विकास संस्कृत भाषा और साहित्य के परिपार्श्व में हुआ है। यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि हिन्दी को सुरक्षित रखने के लिये संस्कृत अपेक्षित है। भारतीय राष्ट्रीयता की भावना का विकास संस्कृत भाषा और साहित्य के विकास से सम्बन्धित है।

संस्कृत भाषा के वर्तमान विकास को राजनीतिक कारणवश उर्दू और अरबी फारसी के साथ जोड़ दिया जाता है।[६०] जब भी कभी सरकार संस्कृत के लिये कुछ करती है तो उर्दू, अरबी और फारसी से विकास की बात चल पड़ती है। विवश होकर सरकार को संस्कृत के साथ उर्दू को भी चिपकाना पड़ता है। इस चिपकाने में सरकार को तटस्थता के साथ विचार करना चाहिये। संस्कृत भाषा इस देश की प्राचीन भाषा है। कम से कम ऐतिहासिक दृष्टि से चार हजार वर्षों से विकसित और समाहित है जबकि उर्दू भाषा पूर्णतः अर्वाचीन है। सांस्कृतिक दृष्टि से संस्कृत भाषा को जो विरासत प्राप्त है। वह क्या उर्दू या विश्व की अन्य किसी भी भाषा को प्राप्त है। यह सब जानते हुए भी संस्कृत भाषा को उपेक्षा की दृष्टि से देखना दिन को रात कहना है। स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा को वह सम्मान नहीं मिला जो इसे मिलना चाहिये। मध्यकालीन भारतीय इतिहास के अवसान के युग से ही संस्कृत की स्थिति को परिस्थिति ने दुर्बल कर दिया। अंग्रेजों के कारण तो इसका द्वार **बंद हो जा सिम-सिम हो गया**। स्वतंत्रता के बाद आशा का प्रदीप जला किन्तु प्रशासन से जातीय राजनीति के आलोक में संस्कृत और संस्कृति की मर्यादा को भुला दिया। भारतीय राष्ट्रीय एकता तथा हिन्दी भाषा के परिवेश में संस्कृत भाषा को उन्नयन के मार्ग पर लाकर खड़ा करना ही होगा। इसके विकास में उदासीनता को प्रश्रय देना अनुचित होगा। राज्य सरकारों ने शिक्षा की स्वायत्तता का दुरूपयोग किया। संस्कृत भाषा विकसित नहीं हो सकी। केन्द्र सरकार चाहती तो इसमें पहल कर सकती थी। प्रशासनिक दृढ़ता से समस्या का समाधान निकल जाता, किन्तु स्वतंत्रता के पैंसठ वर्षों के बाद भी ऐसा नहीं हो सका।

इस विषम परिस्थिति में संस्कृत भाषा को जीवित रखने का श्रेय यदि किसी को दिया जा सकता है तो वह एकमात्र ब्राह्मण जाति है, जिसे इस भाषा से सर्वाधिक स्नेह रहा है।[६१] इसके लिए इस जाति को कलंकित भी किया जा सकता है किन्तु उस श्रम को अपशब्द से संतुलित नहीं किया जा सकता है। संसार में कहीं भी सभी भाषाएँ अपनी-अपनी सामाजिक सीमा में बँधी हैं। किसी ने तलवार और किसी ने अपने भयंकर कृत्यों को अपनाकर भाषा का प्रचार किया। **संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जिसका प्रसार ज्ञान और विवेक की परिधि में सम्पन्न हुआ है।**[६२] संस्कृत भाषा को वर्तमान परिस्थिति के संदर्भ में विकसित करना होगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह तभी सम्भव है जब आज की जीवन व्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में संस्कृत को विकसित किया जाय। भारतीयता के **वसुधैव कुटुम्बकम्** के परिप्रेक्ष्य में इसका मार्ग प्रशस्त करना होगा। इसी दृष्टि से संस्कृत को विकसित करना होगा। संस्कृत की व्यावहारिकता को देवत्व से जोड़ना ही मात्र कार्य नहीं, इसको मनुष्यत्व से जोड़ना पड़ेगा। महाभारत भी मनुष्य से बढ़कर किसी को नहीं मानता है। संस्कृत भाषा वस्तुतः संरक्षण माँगती है। यह संरक्षण संस्कृत को देशव्यापी बना देगा। मात्र कुछ अनुदान से कोई भाषा विकसित नहीं हो सकती है। किसी भी भाषा को विकसित करने के लिये उसके प्रत्येक अंग पर ध्यान देना पड़ेगा। ध्यान देने का तात्पर्य है कि उस भाषा के सम्पूर्ण परिवेश पर विचार किया जाय।

देश में आज वैज्ञानिक प्रगति हो रही है। युवा पीढ़ी नीटनिक हिप्पी पंथी बन रहा है। युवक वर्ग को युवतियों की वेशभूषा अच्छी लग रही है। एक शव्द में पुरुषत्व में स्त्रीत्व का अंश पल्लवित हो रहा है। इधर बड़े-बड़े आदर्शों की बात हो रही है, उधर जीवन में चरित्र और विचार की परिभाषा बदल रही है। शासनतंत्र इसे ठीक नहीं कर सकेगा, क्योंकि प्रत्येक विषय को शासन से सुधारा नहीं जा सकता है। जनमानस को अच्छाई की ओर संस्कृत के माध्यम से ही पहुँचाया जा सकता है। संस्कृत के नीतिश्लोकों को सम्यक् भावेन् प्रचारित किया जाय। **एकमात्र संस्कृत ही ऐसी भाषा है जो चरित्रबल, तनबल और मनबल पर भी ध्यान देती है।** संस्कृत भाषा मानव को सुसंस्कृत करने का सामान्य सन्मार्ग है।[६३] संस्कृत को वर्तमान समाज के सुधार के मार्ग पर लाकर खड़ा करना है। इसकी सामाजिक उन्नति ही इसकी सामाजिक मान्यता है। देश के आर्थिक और सामाजिक विकास की सीमा में विकसित होना नितान्त आवश्यक है।

संस्कृत भाषा की वर्तमान सामाजिक स्थिति को सुस्थिर करने के लिये इसे प्रचलित भाषाई विकास के क्रम में रखना पड़ेगा। पुराकाल में इसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साथ सम्बद्ध कर दिया गया था। उस समय समाज का ढाँचा ही चलता था। अब तो पुरुषार्थ का अर्थ ही विपरीत की रीति नीति में उलझ गया। मात्र इसका मिश्रित अर्थ ही जीवित है। पहले संस्कृत भाषा मात्र पुरुष समुदाय में ही सीमित थी। यद्यपि वैदिक युग में कतिपय स्त्रियों की उपस्थिति सशक्त क्रम में हैं।[६४] संकीर्णता का यह वातावरण कब का समाप्त हो चुका है। अब लोग चाव से संस्कृत का अध्ययन कर रहे हैं। हाजी में वकामुरा लिखते हैं कि संस्कृत भाषा का अब प्रसार हो रहा है। वस्तुतः संस्कृत भाषा आज भी प्रगति के पथ पर है। प्रतिशत के क्रम में आज संस्कृत भाषा की आर्थिक पुस्तकें छप रही हैं। अपने ढंग से लिखा जा रहा है।[६५] यह दूसरी बात है कि भाषा के विकास में अभी भी समाज के वर्तमान पक्ष को स्पर्श नहीं किया जा रहा है। कल्पना में जीवन की नयी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व्यवस्था नहीं बन पा रही हैं। मात्र पौराणिक या दैवी चमत्कार युक्त संस्कृत सम्बन्धी रचनाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। संस्कृत की मर्यादा की व्यवस्था का अपना अलग स्थान है। तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर भी लिखा जा रहा है। विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत संस्कृत के विद्वान् भाषा के विकास में लगे हैं। वर्तमान सामाजिक परिवेश में हिन्दी भाषा समूह के माध्यम से भी संस्कृत की मर्यादा बनी हुई हैं। डॉ० सत्यकाम वर्मा लिखते हैं- "यह गौरव का विषय है कि संस्कृत जो एक समय भारत की जनभाषा थी, युगों से प्रगति करती आ रही है और समय की बाधाओं को पार करती हुई समय के परीक्षण के अनुरूप बन रही है।"[६६] वस्तुतः संस्कृत की उपयोगिता आनुपातिक दृष्टि से सर्वाधिक मानी जायेगी। दूसरे शब्दों में ऐसा भी कह सकते हैं कि गुणात्मक दृष्टि से संस्कृत भाषा का विकास नगण्य है किन्तु परिमाणत्मक दृष्टि से संस्कृत भाषा का व्यापक विकास हो रहा है। संस्कृत में मौलिक ग्रन्थों के पाण्डित्यपूर्ण विवेचन का अभाव है।[६७] संस्कृत भाषा के समर्थकों का एक भारी दल बना है, जो संस्कृत भाषा को समाज में प्रचारित करने का लक्ष्य रख़ता है, किन्तु प्रचार अपने संकीर्ण व्यक्तित्व का कर रहा है। संस्कृत के समर्थकों का जो दल वाराणसी और दरभंगा आदि में कार्यरत है वह बहुत अंश में साम्प्रदायिक नीति पर केन्द्रित है। इससे संस्कृत का विकास न होकर सम्प्रदाय विशेष का विकास हो रहा है। संस्कृत के सामाजिक उन्नयन के नाम पर यह कलंक है। समर्थकों का देशव्यापी जुलूस भले ही कुछ सकारात्मक कार्य प्रस्तुत करने में विफल हो जाय किन्तु प्रजातंत्र के युग की परिभाषा में इसका अलग महत्व है। बहुमत की व्यवस्था को शक्ति मिलेगी। सम्भवतः इससे सकारात्मक कार्यशीलता का परिवेश पनप सकेगा। देश की मानसिकता भी इससे प्रभावित होगी। राष्ट्रीय एकता की भावना पनप सकेगी। मानव के प्रति मानव के दृष्टिकोण में परिवर्तन या आवर्तन स्वयं ही आरोहित होगा। यह निश्चित रूप से संस्कृत भाषा से ही सम्भव है।

अतः संस्कृत भाषा को वर्तमान संदर्भ में अपरिहार्य मानना होगा। राष्ट्रीय चरित्र को जागृत करने में भी संस्कृत भाषा को उन्नत करना होगा। पाश्चात्य जीवन पद्धति में पौर्वात्य दृष्टिकोण को सराहा जा रहा है। इस सराहना की अवधारणा में संस्कृत भाषा ही मूल उत्स है। उन देशों में संस्कृत समर्थकों की भीड़ बढ़ रही है।[६८] किपलिंग कहा करता था कि पूरब पूरब है और पश्चिम पश्चिम है। दोनों कभी एक नहीं हो सकते हैं, किन्तु संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार से दोनों एक हो सकते हैं। टी.एस. इलिमट की कविता में शान्ति का सौम्यत्व स्पष्ट है। जर्मन आपकी भाषा को स्वीकारा करता है। संस्कृत भाषा में मानवीय दर्शन विद्यमान है।[६९] विश्व की किसी भाषा में ऐसा आदर्श तथा ऐसे मानव मूल्यों की परिकल्पना नहीं है। जैसा कि संस्कृत भाषा में है। इसलिये संस्कृत भाषा विश्व-संस्कृति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के एकीकरण की भाषा है। सहज ही विश्व समाज को इससे स्वस्थता दी जा सकती है।

वस्तुतः संस्कृत भाषा को राष्ट्रभाषा के सम्पर्क से उन्नत करना चाहिए। यह विश्वकल्याण की जननी है। सभी लोग सुखी हों, सभी लोग मंगलमय जीवन व्यतीत करें और कोई किसी को सताये नहीं। यही तो संस्कृत भाषा का मूल उद्देश्य है।[७०] संस्कृत की विशाल प्रतिभा में राष्ट्रभाषा का संकल्प पूरा करना है।

भारत राष्ट्र की महत्ता तब तक स्थापित नहीं होगी, जब तक संस्कृत की स्थिति को राष्ट्र जीवन की मुख्य धारा से जोड़ नहीं दिया जायेगा। आज राष्ट्र की मुख्य धारा हिन्दी भाषा के अजस्र प्रवाह में प्रवाहित हो रही है। अतः **राष्ट्रभाषा को कन्याकुमारी से लेकर हिमालय तक प्रचारित करने के लिये संस्कृत का सहयोग आवश्यक है।** इस प्रकार संस्कृत की मर्यादा को सुरक्षित रखना होगा। इसी के साथ भारतीय भाषाओं और बोलियों की भी मर्यादा भी बची रहेगी।[७१] राष्ट्रीय चिन्तन को अभिव्यक्त करने की क्षमता मात्र संस्कृत भाषा में है।

संस्कृत भाषा का मूल उत्स राष्ट्र की परिकल्पना को व्यापक परिवेश में देखने की है। जब से इस भाषा का विकास हुआ है,[७२] तब से यह असंख्य मनीषियों के चिन्तन का परिणाम है। जिस जाति विशेष के कारण इसको संरक्षण मिला उसे इस भाषा को सजाने का पर्याप्त अवसर प्राप्त हुआ और इस पर्याप्त समय के कारण इसे भारत की प्रकृति में सुसज्जित होने का सहज ही मौका मिला। आर्यों की जिज्ञासु प्रवृत्ति ने इसे इतना स्वस्थ्य बनाया कि इसका सम्पूर्ण रूप ही मुखर सौन्दर्य का ग्राहक बना।

भारत में राष्ट्रीय भावना के स्रोत में सर्वप्रथम वेद को ही ग्रहण किया जाता है। वेद का लिखित रूप कब मिला, यह नहीं कहा जा सकता है, किन्तु व्यापक स्तर पर विश्व दृष्टि के संकल्प में गौ पिता और पृथ्वी माता का वर्णन प्राप्त है।[७३] वस्तुतः पृथ्वी सच्चे अर्थों में सबका भरण-पोषण करने वाली है। पृथ्वी तो स्नेह का प्रतीक है। जिस हृदय में स्नेह का सुवासित पुष्प मह-मह करता है, वही पृथ्वी का सही पुत्र है। ऋषियों की दृष्टि में पृथ्वी माता का हृदय सत्य से भरा हुआ है और उसका मूल परम व्योम या नित्य आकाश में है, जिसकी प्रेरणा कभी क्षीण नहीं होगी। मातृ हृदय के इस रूप का जिसको बोध नहीं है, उसके लिये तो यह पृथ्वी मिट्टी पत्थरों की ढेर है।[७४]

एक अन्य उक्ति और भी मार्मिक है -

"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"[७५] भूमि माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। वस्तुतः राष्ट्रीय भावना के परिपेक्ष्य में यह अपूर्व उक्ति है। भारतीय जन-जीवन इसी का अनुव्रजन कर रहा है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त भारत का प्रथम राष्ट्रीय गान है। इसके बाद राष्ट्र शब्द का राष्ट्रीय प्रयोग स्मृतियों में विस्तृत रूप में देखा जा सकता है। मनुस्मृति ने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तो **'एतत् देश प्रसूतस्य साकाशादग्रजन्मनः। स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः'** इस उक्ति से भारत राष्ट्र की राष्ट्रीयता के संकल्प को व्यक्त किया है। प्रत्यक्ष रूप में भी इसी तरह से इसका स्वरूप निर्धारित हुआ। यही राष्ट्रीय रूप में संवर गया। स्मृतियों के बाद विष्णुपुराण में राष्ट्रीय सन्दर्भ का वर्णन है। इस पुराण में वर्णित **'गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारत भूमि भागे'** का उत्कृष्ट भाव है। स्पष्ट है कि इस समय तक राष्ट्रीयता का महल खड़ा हो गया था। रचनाओं में भी राष्ट्रीय चरित्र वर्तमान है। कालिदास ने भी इसे विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय भावना का विकास वस्तुतः संस्कृत का विकास है। संस्कृत भाषा कभी भी राष्ट्रीयता के विरुद्ध नहीं रही है। संस्कृत का सामाजिक उपयोग निश्चित रूप से सभी के द्वारा समादृत है।

संस्कृत भाषा के पठन-पाठन में मुस्लिम काल से पूर्व पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। डॉ. अल्तेकर ने अपनी पुस्तक प्राचीन भारत में शिक्षा की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए लिखा है कि प्राचीन भारत में दक्षिण में ऐसी संस्कृत पाठशालाएँ थीं, जहाँ संस्कृत पढ़ने वालों को पर्याप्त सुविधा थी। उत्तर भारत में भी ऐसी संस्थाएँ थीं।[७६] मुस्लिम काल में संस्कृत का भविष्य संदिग्ध विकास की ओर अग्रसर हुआ। बाद में संस्कृत की मर्यादा पर आंग्लभाषा को अधिष्ठित किया गया। जनता प्रशासन लोभग्रस्त परिवेश में आबद्ध हो गया। शिक्षा का स्वरूप जीविका से सम्बद्ध हो गया।[७७] मात्र ब्राह्मण ही इसे किसी न किसी रूप में ढोता रहा। ब्राह्मणों को विरासत में धर्मगुरुत्व प्राप्त था। जनता-जर्नादन के बीच यह देववाणी की ऐतिहासिक मान्यता कहीं सीकल में आबद्ध थी।[७८] संस्कृत की व्यावहारिकता दैवी चमत्कार के विधायक के रूप में प्रचलित थी। ब्राह्मणेतर जातियों के प्रति आदर की भावना भी बनी हुई है, किन्तु संस्कृत को लोगों ने पूजा-पाठ की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया। संस्कृत एक भाषा न होकर धर्म हो गई। इसे प्रतिष्ठित और आदर देने वाली जाति ने भी इस विषय पर गहन चिन्तन-मनन नहीं किया। मात्र तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति के भ्रम में पड़ कर संस्कृत को धर्म की भाषा के रूप में मान्यता मिली। संस्कृत धर्मभाषा एवं चमत्कार प्रदायक भाषा बन गयी। स्वर्ग-प्राप्ति, मोक्ष-प्राप्ति, अष्टसिद्धि और नवनिधि की प्राप्ति के माध्यम के रूप में इसकी उपासना होने लगी। संस्कृत को भाषाई इकाई के रूप में मान्यता नहीं मिली। संस्कृत भाषा को गतिमयंता नहीं मिली। भाषा से धर्म में परिवर्तन का प्रभाव संस्कृत भाषा को गतिमयता से स्थिरता की ओर ले गया। विकास का चरम स्वरूप भ्रम कपाल के अन्दर आबद्ध हो गया।[७९] भाषा की दृष्टि से संस्कृत पूर्णतः अनुशासित रही।[८०] उस समय समृद्धि का मूल्य आँका नहीं जा सका, लेकिन बौद्धों के समय तथा बौद्धोत्तर काल में संस्कृत की गरिमा भाषाई जनप्रवाह के रूप में समाप्ति की ओर अग्रसर होने लगी। कर्मकाण्ड के प्रचलन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की धारा में संस्कृत भाषा का तात्पर्य जन्म या मरण के बोध की भाषा के रूप में समादृत होने लगी। इसी धारणा के फलस्वरूप समाज में **अत्युत्कटैः पापपुण्ये इहैव फलमश्नुते** का स्वर मुखरित होने लगा। समाज में आज की सन्तोषी माता की मूर्ति और पूजा का प्रचार भी इसी मान्यता का फल है। समाज इस विषय में अभ्यस्त हो गया। परवर्ती समय में संस्कृत का उपयोग भजन-भाजन, पूजा-पाठ तथा स्वर्गकामना में ही रह गया।[८१]

इसके परिणामस्वरूप संस्कृतसमाज मर्यादा के लिये रसातल में जाने को प्रेरित हुआ। संस्कृत समाज के दैनन्दिन उपयोग से दूर हट गयी। चारों वर्णों के अतिरिक्त अन्य लोगों को संस्कृत पढ़ने पर प्रतिबन्ध भी लगा दिया गया। वेद का उच्चारण तक सुनने की मनाही कर दी गई, तो भी समाज की प्रचलित धारा से यह अलग नहीं रह सकता था। राजतन्त्र और सामन्ततन्त्र में धर्म का प्रचार राजनीतिक अस्त्र के रूप में होता था। इसका एकमात्र कारण कार्य-संचालन को प्रोत्साहित करना था। समाज के बदलते हुए रूप को ठीक-ठीक जानने के लिये संघर्ष का अपना विशिष्ट स्थान था और है।[८२]

किसी भी भाषा को धर्म से सम्बन्धित करने से उसकी मौलिक शक्ति क्षीण होती है। धर्म तो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति के साथ वर्तमान है और रहता है। भाषा की धारा सदा समान रूप से प्रवाहित होती रहती है।[८३] चीन में भाषानीति का महत्त्व सामन्तवादी युग में कुछ और था और अब साम्यवादी शासन में कुछ और है। धर्म का स्वरूप भी उसी अनुपात में परिवर्तित हो गया,[८४] विशेषकर इधर तीन दशकों में सामाजिक मूल्यों में व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है। सोवियत रूस में १९१७ ई. से पहले धर्म का सामुदायिक रूप सामाजिक पुनर्निर्माण के मार्ग में घातक था, किन्तु साम्यवादी शासन के बाद धार्मिक स्वतन्त्रता को सामाजिक विकास के सन्दर्भ में चिन्तन किया गया। यदि ऐसा न होता, तो सम्भव था कि वहाँ साम्यवाद की स्थापना नहीं हो पाती। वहाँ धर्म का रूढ़िगत रूप समाप्त होने को है, किन्तु रूसी भाषा, चीनी भाषा और जापानी का दिनो दिन विकास हो रहा है।[८५] स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा को भाषाई इकाई के रूप में विकसित करना होगा। तभी इसका विकास अबाध गति से समाज की धारा से सम्पृक्त हो सकेगा।[८६] धर्म से साधारण मानव को उतनी ही अपेक्षा है, जितना भोजन के उपरान्त मनोजगत को तुष्ट करने के लिए वार्तालाप की। भूखे को दर्शन का बोध और भी भूखा बना डालेगा। इसलिये स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि भूखे आदमी को दर्शन की शिक्षा मत दो। संस्कृत भाषा के पतन का या स्थिरीकरण का दोष मैकाले पर लगाया जाता है। **वस्तुतः संस्कृत को सामाजिक ढाँचे ने अधोमुखी बनाया।** यह जानते हुए कि **भारत का अर्थ संस्कृत से सम्पृक्त है**, यह मानते हुए कि **संस्कृत के अभाव में हम सभी असंस्कृत हो जायेंगे।** यह सोचते हुए कि **संस्कृत के अभाव में हम सभी**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चरित्रविहीन हो जायेंगे। समाज ने संस्कृत को उपयोग विशेष और वर्ग विशेष की पिटारी समझ लिया। समाज की इस कुण्ठित व्यवस्था के कारण ही ऐसी परिस्थिति का सूत्रपात हुआ।

इस धर्म ने अपनी मान-मर्यादा को तिलांजलि देकर मूर्ख बनकर दर-दर भटक कर संस्कृत की सेवा की है। संस्कृत सामाजिक मूल्यों के धरातल पर देववाणी बन गई। धर्म का अर्थ देवपूजा, पितरपूजा तथा पाप का अर्थ इसके विपरीत आचरण की प्रधानता हो गया। उस समय धर्म का तात्पर्य **कर्त्तव्यबोध** तथा पाप का अर्थ **कर्त्तव्य की अवज्ञा** था। समाज इस संस्कार में पूर्णतः निमज्जित हो गया। परिवर्तन का क्रम अनवरत चलता रहा। व्यक्ति का धर्म, समाज का धर्म, देश का धर्म, पितर का धर्म और शास्त्र का धर्म परिभाषित हुआ। जनता इसके व्यापक स्वरूप को समझ नहीं सकी। काल ने समय की उक्ति को असमय में ज्वलित और प्रज्वलित किया। सत्यासत्य का पता नहीं चला। **गतानुगतिको लोकः** परमार्थिकः बन गया। धर्म का महत्त्व महाभारत तक आते-आते गुफा में रहनेवाला योगी बन गया।[८७] कर्त्तव्य का मार्ग व्रजितों द्वारा आचरित मापदण्ड बन गया। संस्कृत भाषा धर्म की आड़ में अज्ञातवास करने लगी। लोगों की ज्ञानहीनता ही दीनता में उलझ गयी। धर्म और भाषा की अभिव्यक्ति को परलोक की उपलब्धि में अवस्थित कर दिया गया।[८८]

वस्तुतः भाषा का विकास तो समाज की आवश्यकता के अनुकूल होता है। समाज को सुसंस्कृत करने के लिये संस्कृति के कवच की आवश्यकता हुई और संस्कृत भाषा का निर्माण इस उद्बोधन के क्रम में हुआ। इसलिये भाषा धर्मदायी बन गई। यहीं से संकीर्णता का श्रीगणेश हुआ। आवश्यकता तो इस बात की थी कि इसके सभी द्वार मुक्त रखे जायें, किन्तु ऐसा नहीं हो सका। वस्तुतः संस्कृत भाषा तो तन्त्रशास्त्र के उस भैरवीचक्र के समान है, जहाँ समस्त जातीय और राष्ट्रीय भाव की दीवार टूट जाती है।[८९] बच जाता है, मानव से स्नेहार्द्र-सम्बन्ध। संस्कृत भाषा को समाज ने वैसा बनने का अवसर नहीं दिया। इसे तो नानात्व के फेर में डाला गया और इस फेर में पड़कर अपना स्वत्व ही भूल गया। बचा मात्र कूड़ा-कचरा, जिसे आज नाना भेदभाव से रूप में भोगा जा रहा है। इस प्रकार यह भोग तो रोग का रूप ग्रहण कर रहा है। इस्लाम ने एक भाषा, एक जाति और एक धर्म का नारा देकर भारतीय संस्कृति की मूल भित्ति को आन्दोलित कर दिया। इससे भी यहाँ के बुद्धिजीवियों ने शिक्षा ग्रहण नहीं की। यदि बुद्ध को विष्णु के चौबीस अवतारों में अंकित किया जा सकता था और समाज इसको सहर्ष उस रूप में अपनाकर अपना सर्वस्व निछावर कर सकता था, तो इस्लाम के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद को भी सनातन धर्म की इसी वैष्णवी प्रक्रिया पर डाल दिया जाता तो सम्भवतः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुछ अच्छा होता। उस युग में यह कार्य आसानी से हो जाता। फिर संस्कृत भाषा का एक प्रबल समर्थक वर्ग अनायास ही क्षितिज पर उभर आता, किन्तु ऐसा ऐतिहासिक कारणों से सम्भव नहीं हो सका।

संस्कृत भाषा को मात्र भाषा के रूप में देखना है। इसे पोप का प्रमाण-पत्र लिखने की भाषा नहीं, अपितु इस लोक में चरित्र के सम्यक् विकास के रूप में देखना है। तभी संस्कृत भाषा का भाषाई विकास सम्भव होगा। जनजीवन में संस्कृत के प्रति व्यापक भ्रम फैला है। इसे **बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय** में लगाना होगा। भारत की प्रत्येक आत्मा का इसमें निवास हो, इसके लिये सब मिलजुलकर समान रूप से इसे प्रचारित-प्रसारित करें। इस प्रकार संस्कृत से विश्व को अधिक से अधिक उपयोगिता प्राप्त होगी।

संस्कृत भाषा को जातीय राजनीति ने पनपने नहीं दिया। स्वतन्त्रता के बाद पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, हरिजन और अल्पसंख्यक के आन्दोलन को प्रश्रय मिला। इस प्रश्रयवादिता के चलते प्रशासन ने इसकी देखभाल की। अंग्रेजों ने तो इसे मृतभाषा घोषित कर रसातल में पहुँचा दिया था। जो बचा, उसे स्वतन्त्र भारत की गन्दी राजनीति ने पनपने नहीं दिया। स्वातंत्र्योत्तर भारत में भाषा और संस्कृति से अधिक जातिवाद और व्यक्तिवाद प्रबल हो गया। जिस आधार पर ब्राह्मण या उच्च जाति के लोग न तो संस्कृत बोलते हैं और न अपने परिवार में बच्चों को संस्कृत पढ़ाते हैं। प्रशासन की दृष्टि में तो उच्च वर्ग की परिभाषा ही बदल गई। अब तो प्रशासनीय सुविधा प्राप्त जाति को ही उच्च जाति की संज्ञा दी जाती है। संस्कृत की रक्षा में ब्राह्मणेतर जातियों का सहयोग अतुलनीय है। विवाह एवं अन्य सभी शुभ कार्यों में संस्कृत की आवश्यकता है। संस्कृत की व्यापक गरिमा के परिप्रेक्ष्य में जनजीवन रुचि प्रदर्शित नहीं कर रहा है। मात्र दैवी सामग्री के रूप में ही इसकी अभ्यर्थना की जा रही है। संस्कृत भाषा मात्र ढोयी जा रही है। **संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति के उषाकाल की वह भाषा है, जिसमें यहाँ के जनजीवन की आकांक्षाओं का गान है।**[१०] भारतीय संस्कृत भाषा का उपयोग किसी न किसी रूप में करते हैं। इसके मधुर गीतों का गायन सभी करते हैं।[११] संस्कृत को ब्राह्मण से जोड़ना यह कहने के समान है कि भारत जाति विशेष का है और गंगा में कोई जाति विशेष ही स्नान कर सकता है। अत: संस्कृत को जातीय राजनीति के अन्धकार से दूर रखना होगा। देश के **वातावरण में अनुशासन का स्तर गिरता जा रहा है। इसका एकमात्र कारण संस्कृत भाषा के प्रचार की उपेक्षा है।**

संस्कृत भाषा का मूल स्रोत संस्कृत का व्यापक साहित्य है। साहित्य के विशाल भण्डार में वेद, उपनिषद् पुराण और स्मृति हैं।[१२] इन ग्रन्थों में संस्कृत भाषा का व्यापक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परिदर्शन होता है। साहित्य के कलात्मक उपयोग के स्थान पर सामाजिक सन्दर्भ की सीमा अनन्त है। वर्णाश्रम व्यवस्था की स्तुति प्रचुर रूप में विद्यमान है।[९३] यह व्यवस्था युगसापेक्ष सामाजिक कार्यक्रम के अनुसार निर्मित है, किन्तु आज के इस औद्योगिक विकास और आर्थिक संकल्प-विकल्प के युग में परिवर्तन का प्रत्यावर्तन आवश्यक है।[९४] जातिप्रथा सिद्धान्ततः विनाशोन्मुखी है, किन्तु व्यावहारिक स्तर पर यह एक जीवित और ज्वलन्त प्रश्न है। समस्त प्रथा का आधार आर्थिक है।[९५] आर्थिक स्तंर के उन्नयन के कारण जातिप्रथा दुर्बल हो रही है। समाज के स्वयंभूगण ही इसे जीवित रखे हुए हैं। इस दिशा में प्रशासन की ओर से जो कुछ भी हो रहा है, उसमें राजनीति मूलक आचरण की ही प्रधानता है और सामाजिक उन्नयन का लक्ष्य कम है। समाज आर्थिक विकास की होड़ में जी-तोड़ परिश्रम कर रहा है। इस परिस्थिति में धर्म मात्र नारा है। व्यवहार में उसका उपयोग भक्ति श्रवण के अतिरिक्त कुछ नहीं है। स्वनामधन्य महन्त, साधु, फादर और मुल्ला सभी आधुनिक जीवन की सुविधाओं से सज्जित हो रहे हैं। भारतीय शास्त्रों में वर्णित जीवन-पद्धति से उनका कोई सम्बन्ध नहीं है। उनके पीछे जनता की बेलगाम भीड़ है। प्राचीनता का मोह किसी को खलता नहीं है। अवशिष्ट को पाने के लिये सभी शिष्ट बने हुए हैं। संस्कृत भाषा के प्रचारकों में इन श्रेणियों का भी हाथ रहा है। मठाधीशों, आश्रमधीशों तथा अन्य बड़ी-बड़ी संस्थाओं ने संस्कृत की पाठशालाएँ खोलकर संस्कृत का प्रचार किया, किन्तु संस्कृत के प्रचार के नाम पर निजी प्रतिष्ठा की वृद्धि की गयी। इन संस्थाओं को जब प्रशासन ने सुविधा प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की तो धर्माचार्यों और महन्तों ने इसका विरोध किया।[९६] इन संस्थाओं में कार्यरत संस्कृत के योग्य विद्वानों को भूखा मरने के लिए विवश किया। संस्कृत-साहित्य के इन धर्मज्ञों ने उदर की ज्वाला की शान्ति के लिये उन्हें ईश्वर और महान् साधक की उपाधि से विभूषित किया।[९७] निजी स्वतन्त्रता का व्यूह वे तोड़ना नहीं चाहते थे। इन संस्कृत टोलों, उच्च विद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अल्प वेतन पर खटाया जाता था। धर्म और भाषा के नाम पर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जाता था। सौभाग्य की बात है कि वर्तमान प्रशासन का ध्यान इस ओर पड़ रहा है। इसमें सुधार की विधिवत् घोषणा की जा चुकी है। सोचने की बात है कि संस्कृत भाषा के साथ कितना बड़ा अन्याय किया गया। मूक और निरीह होकर इसके सेवकों ने इसको सहन किया।

समाज संस्कृत का आदर करता है,[९८] किन्तु संस्कृत-संस्थाओं में कार्यरत योग्य शिक्षकों को सम्मानित करने में असमर्थता प्रकट करता है। समाज हृदय से संस्कृत भाषा का विकास नहीं चाहता है। मात्र संस्कृत की गरिमा की चर्चा टेबुल टाक के अतिरिक्त कुछ नहीं है। संस्कृत भाषा के सामाजिक मूल्यों को पर्याप्त प्रोत्साहन की आवश्यकता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। संस्कृत भाषा को केवल धर्म प्रचार के आलोक में नहीं रखना होगा। इस चक्कर से इसे दूर करना होगा, तभी संस्कृत भाषा सामाजिक धरातल पर स्थायित्व प्राप्त कर सकेगी। बड़े-बड़े धर्माचार्यों की स्थिति जो हो, किन्तु संस्कृत भाषा में धर्म का रंग आने से इसका रूप पवित्र हो गया। धर्म वस्तुतः एक दीर्घकालीन जीवन-शैली में अभिनव प्रयोग की विधा है।[९९] समाज उस पर चलने का प्रयास करता आ रहा है। **धर्म का प्रचार ही संस्कृत को भाषाई रूप नहीं दे सका।** धर्म का अपना स्थान एक रूपात्मक है। भारतीय आकाश संस्कृत की ध्वनि से झंकृत है। सीताराम, राधेश्याम और गौरीशंकर के नारों से वातावरण गूँज रहा है। संस्कृत की विरोधी पद्धति भी इससे हतप्रभ है। संस्कृत को भाषा के रूप में पहले और धर्म के रूप में अनुगामी प्रवृत्ति के क्रम में स्वीकार करना होगा।[१००] धर्म के साथ यह भिन्न होकर विभिन्न की समस्या की ओर दृष्टिपात करती है। संस्कृत भाषा धर्म की वकालत करती है और दूसरी भाषा की गरिमा को भी व्यक्त करती है। जब कभी भी संस्कृत को धर्म माना जायेगा, उस समय संस्कृत भाषा गौण पड़ जायेगी। समाज को सुधारने में हजारों वर्ष लग जायेंगे। संस्कृत भाषा को विवेचना का भण्डार या ज्ञानकोश के रूप में स्वीकार करना होगा। संस्कृत की गरिमा को धर्म से मण्डित करते हुए हजारों वर्ष बीत गये। अब शेष के वर्षों में भाषाई विकास के नाम पर निर्मित करना होगा। वेद, उपनिषद्, स्मृति, पुराण और दर्शन को साहित्य के अक्षय भण्डार के रूप में स्वीकार करना चाहिये।[१०१] इसके अध्ययन, अनुशीलन और परिशीलन से इसका स्वरूप मुखरित होगा। तभी संस्कृत भाषा सभी जाति एवं धर्म के भेदभाव को समाप्त करने में सफल होगी।

अतः संस्कृत भाषा शास्त्रों में वर्णित सामाजिक व्यवस्था के फेर में भटक रही है। उन ग्रन्थों में मात्र धार्मिक प्रचार की प्रक्रिया है। हिन्दूधर्म, सनातन धर्म तथा वेदविहित धर्म का लम्बा चक्कर है।[१०२] साधारण जनमानस इसे मात्र सामायिक उपभोग की वस्तु के रूप में स्वीकार करता है। तथ्यात्मक भूमि पर पादक्षेप की आवश्यकता गौण है। इसे समदर्शी भाषा के नाम पर दार्शनिक बाना पहनाया गया है। व्यावहारिक दृष्टि से बोध आवश्यक है। समदर्शीत्व के उद्बोधन से यह स्नात अवश्य है, किन्तु वर्तमान की आवश्यकता के अनुरूप भी इसका रूपांकन अनिवार्य है।[१०३] जीवन की जिज्ञासा तथा बौद्धिक उद्‌मोह को विसर्जित करना होगा। परिवर्तनशील समाज की वर्तनी पर इसे शील प्रदान करना होगा। यह कार्य भाषाई इकाई के रूप में समाप्त करना होगा। विचार के इसी बिन्दु से अमृत को प्रवाहित करना होगा। भाषाई स्वरूप जितना अधिक स्पष्ट होगा, धार्मिक प्रवाद उतना ही उलझता जायेगा।

इस प्रकार धर्म की मान्यता तो कम से कम ८ मानवीय सामाजिक चेतना को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मन्दान्ध बना डालती है। इसमें सुधार भाषा की आशा से ही सम्भव है। संस्कृत भाषा को कभी भी तथाकथित कर्मकाण्ड के चक्कर में नहीं डाला जाय।[१०४] कर्मकाण्ड तो कर्म की कथा या घटनाएँ हैं। वस्तुतः कर्म का पतन एवं कर्म का वितण्डावाद ही कर्मकाण्ड का विषय है। देव और पितर की आराधना मात्र सामाजिक जीवन का लक्ष्य नहीं है। समाज तो इससे भिन्न वस्तु है, इसी के गह्व में धर्म को रखकर संस्कृत भाषा को अपस्तुति के मार्ग पर लाकर खड़ा कर दिया गया। प्रचलित धार्मिक परम्परावाद तथा चमत्कारवाद ने मानव के अन्दर भौतिक लालसाओं की सृष्टि की है।[१०५] इससे प्रेरित होकर मनुष्य पतन की ओर अग्रसर हो रहा है। संस्कृत भाषा गौण हो गई और संस्कृत भाषा में लिखित दुर्लभ ग्रन्थ धर्म का एकमात्र मार्ग बन गये। संस्कृत भाषा के साथ धार्मिक कृत्यों की अभिचर्चा वर्तमान है।[१०६] यही कारण है कि जैन धर्म की प्रचार की प्रधान भाषा प्राकृत होने पर भी संस्कृत में ही समस्त विषयों का सम्यक प्रचार वर्तमान है।[१०७] इसका एकमात्र कारण सभी प्रतिष्ठित कृत्यों का संस्कृत भाषा में होना है। संस्कृत भाषा की गुरुता की गम्भीर परिस्थिति को आध्यात्मिक उपलब्धि से जोड़ दिया गया, ऐसा मात्र संस्कृत भाषा के साथ ही नहीं हुआ है, अपितु संसार की अन्य भाषाओं के साथ भी घटित हुआ है। संसार की अनेक भाषाओं की उपलब्धि में ऐसी समस्या वर्तमान है। भाषा में ईसाईयत की परिचर्चा वर्तमान है। अरबी में इस्लाम धर्म की इबादत सुरक्षित है। इस्लाम के अनेक समर्थक भारतीय उपमहाद्वीप में उर्दू का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार भारतीय मात्र संस्कृत भाषा को ईश्वरीय अभिधान से जोड़ते हैं। भारत में संस्कृत किसी की मातृभाषा नहीं है, फिर भी इसकी प्रतिष्ठा भारत में प्रचलित सभी भाषाओं से अधिक है। इस्लामी गणराज्यों में अरबी को जनभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हिब्र् भी मातृभाषा के रूप में व्यवहृत है। संस्कृत को इन भाषाओं के परिप्रेक्ष्य में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त है। मातृभाषा से भी अधिक संस्कृत भाषा को सामाजिक मान्यता प्राप्त है। सम्पूर्ण देश में यह समान रूप से आदृत है। इसका कारण संस्कृत भाषा की जीवनीशक्ति है, जो आद्यावधि वर्तमान है। संस्कृत की गरिमा भाषाशक्ति के विकास के क्रम में अधिक वरेण्य है। संस्कृत की निष्ठा की प्रतिष्ठा को एक भाषा के रूप में देखना होगा, तभी संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार हो सकेगा। मात्र धर्म प्रचार का बाना पहनाकर किसी भी भाषा की रक्षा की जा सकती है, किन्तु उसे कालजयी नहीं बनाया जा सकता है। परिवर्तित समाज के परिवर्तनशील मूल्यों के आलोक में संस्कृत भाषा का प्रचार माध्यम भाषा के रूप में आवश्यक है। समाज इसी क्रम से भाषा की समस्या का समाधान कर सकता है। उपयोगिता को ही प्रधानता मिलनी चाहिये। केवल इसी परिस्थिति में संस्कृत भाषा का सम्यक विकास हो सकता है।

संस्कृत भाषा की किसी समय जब नींव गढ़ी गई उस समय समाज के विकास

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का स्वरूप अवश्य ही कुण्ठित रहा होगा। इसमें विचारों के असंख्य नवनीत वर्तमान है।[१०८] इसमें साहित्य का अपूर्व भण्डार एवं अनेक भावों का समावेश है। विश्व की सर्वाधिक बुद्धिजीवी जाति ने इसका गठन किया। सृष्टि के विकास के प्रथम क्षण से लेकर अन्तिम क्षण तक के समस्त क्रमों का उल्लेख है। संस्कृत भाषा अपने विकास के प्रथम सोपान से ही जटिल, बहुमुखी और लोकातिरेक के आवर्त्त में आबद्ध हो गई।[१०९] इस भाषा में हजारों धातुएँ, अनेक प्रकार की क्रियाएँ और भाँति-भाँति के उपसर्ग और प्रत्यय पाये जाते हैं। इस दृष्टि से **संस्कृत भाषा विश्व की श्रेष्ठतम भाषाओं में से एक है।**[११०] यह विशेषता न तो अंग्रेजी में है और न अरबी में। मात्र हिन्दी ही इन गुणों की अपेक्षा से मुक्त है। संस्कृत में प्रयुक्त धातुओं का समूह और उनके प्रयोग विश्वसभ्यता के इतिहास में अद्भुत भाषाई क्रान्ति है। संस्कृत भाषा में कालभेद की अपनी अलग परिपाटी है। इसका उदाहरण 'लकार' का चमत्कार है। उपसर्गों और प्रत्ययों की कला भी निराली है।[१११] संज्ञावाची शब्दों में प्रत्ययों का प्रयोग नव शब्द-निर्माण की प्रक्रिया को प्रकाशित करती है। संस्कृत भाषा का भण्डार अथाह है। किसी भी धातु के शब्द को ले लें, उससे अनेक रूप बनते हैं। पर्यायवाची शब्दों का भी भण्डार है।[११२] अमरकोश इस दिशा का एक प्रमाणिक विवरण है। इतने अर्थ समूहों से युक्त शब्दों की रचना वस्तुत: एक सभ्य जाति की मनश्चेतना के सम्यक परिशीलन के कारण ही सम्भव हुई। रस और अलंकार की विस्तृत व्याख्या तथा परिप्लावन संस्कृत भाषा में वर्तमान है।

संस्कृत के व्याकरण, गणित, ज्योतिष, पिंगल, राजनीति, दर्शन तथा कामशास्त्र जैसे विषयों का सम्यक वर्णन है। शैली संगीतात्मक है। प्रत्येक छन्द अनुशासन से अनुप्राणित है। मात्रिक और वर्णिक छन्दों की अपनी-अपनी विशेषताएँ हैं। संस्कृत भाषा की शैली में वैशिष्ट्य का कारण शब्दार्थ-योजना तथा इसके प्रयोग में आन्तरिक गुम्फन की उपस्थिति है। कालिदास ने मन्दाक्रान्ता में मेघदूत की रचना की है।[११३] उन्होंने इस छन्द को चरमशीर्ष पर पहुँचा दिया है। अन्य काव्यों में विभिन्न छन्दों का प्रयोग किया गया है। स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा अपनी शैली की विशिष्टता से परिपुष्ट है। इस शैली की विशेषता के पीछे संस्कृत में प्रयुक्त समास-विधान तथा सन्धि-नियम से है। इस तरह विश्व की कोई भाषा संस्कृत भाषा की बराबरी नहीं कर सकती है।[११४] संस्कृत भाषा को व्याकरण रूपी अजेय अस्त्र प्राप्त है।

भाषा के क्षेत्र में संस्कृत को रहस्यमयता की विधा से जाना जाता है। भाषाई अनुशासन में यह अपूर्व है और साहित्यिक अत्यन्त ही कुशलता से इसका प्रयोग करते हैं। सतर्कता में कमी होने पर भाषा विकृत हो जाती है। जीवन और काव्यगत उपलब्धि के क्षेत्र में संस्कृत सर्वदा मर्यादा के मार्ग पर आसीन है। दिलीप की प्रशंसा करते हुए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालिदास ने लिखा है कि सुख की प्रजा मनु के समय से आती हुई लीकों से वैसे ही नहीं हटतीं थी, जैसे चतुर सारथि द्वारा संचालित रथ के पहियों के घेरे लीक से बाहर नहीं जाते हैं।[११५] स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा में जीवन के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण है।

संस्कृत भाषा का सामाजिक स्वरूप निश्चय ही भाषा-वैज्ञानिक क्रम में अद्वितीय है। भाषा-विज्ञान की इस धारा ने भाषा को समाज-सापेक्ष बनाया। भाषाई प्रयोगों के सामाजिक सन्दर्भों पर ध्यान देने के कारण भाषा वैविध्य के भीतर एक निश्चित **पैटर्न** दिखा इस धारा के लिये भाषा-विकल्पन। परिवर्तन केवल सामाजिक अर्थ का प्रकाशक ही होता है, वह न तो भाषिक क्षमता को दूषित या **स्खलित** करता है और न ही भाषा-व्यवस्था को खंडित।[११६] इस विचारधारा के अनुसार तो विकल्पना प्रयोग सम्बन्धी तथ्य भाषा-व्यवस्था को सम्पूर्णता में देखने के लिये ठोस आधार प्रदान करता है और साथ ही भाषा के ऐतिहासिक विकास के अब तक के कई अन्तर्विरोधी वक्तव्यों का निराकरण करने में सहायता देता है। ऐसा वाइन, काइल, लेवाब और हर्जग का स्पष्ट विचार है-[११७]

इस विचारधारा की मान्यता के अनुसार भाषा-व्यवस्था और भाषा-व्यवहार में सुनिश्चित रेखा खींचना सम्भव नहीं है, क्योंकि दोनों की स्थिति सदा द्वन्द्वात्मक है। भाषा-व्यवस्था स्वायत्त रहकर भी सम्प्रेषण-व्यापार की अन्य व्यवस्थाओं के साथ सम्बन्धित होने के कारण सुनिर्दिष्ट नहीं होती, कम से कम अपनी सीमा पर यह स्पष्ट धूमिल नहीं होती है। उनमें यह संकल्पन की वह स्थिति सदा वर्तमान रहती है, जो **अवलंक्ति** सम्बन्धों की माँग करती है अर्थात् यदि अहं का प्रयोग हुआ, तो इसके बाद स्वयं के प्रयोग की सम्भावना रहती है न कि प्रत्यक्षतः सः के प्रयोग की आवृत्ति होती है।[११८]

मनुष्य का जीवन सदा अपूर्ण रहता है, किन्तु वह पूर्णता पर पहुँचने की चेष्टा भी बराबर करता रहता है। संस्कृत भाषा के माध्यम से इसी पूर्णता की खोज की जाती है। जीवन के विकास का मूल में चिन्तन की प्रधानता है। यह विशेषता भी समाज द्वारा प्रदत्त है। संस्कृत भाषा का सामाजिक रूप इसी क्रम में अनुरंजित है।[११९] डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते हैं कि इधर यदि हम संस्कृत की ओर दृष्टि फेरें तो देखेंगे कि ईसवी सन् के बाद का संस्कृत साहित्य उत्तरोत्तर पण्डितों की बीच पनपता गया। स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा लोक जीवन से दूर हटती गयी।[१२०] कल्पित जीवन और कल्पित संसार को आधार मानकर चलने लगी। महाभारत या रामायण जिस प्रकार लोक जीवन से जुड़े थे, उत्तरकालीन ग्रन्थों की उपयोगिता शून्य रही। इसी की प्रतिक्रिया में प्रस्थानत्रयी को स्थान मिला। समाज यह अनुभव करने लगा था कि संस्कृत भाषा का सहयोग भारतीय चिन्ता को जीवित रखने के लिये करना होगा। यह विचारधारा मुसलमानी संस्कृति के सम्पर्क सूत्र में आने के पूर्व पनप चुकी थी। समाज और भाषा के अन्योन्याश्रय सम्बन्ध ने ही इसको जीवित रखा। भाषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व्यवहार से ही जीवित रहती है। आर. ब्राउन और गिलमन भी मानते हैं कि मौखिक उपयोग से ही भाषा संरक्षित होती है। संस्कृत और लैटिन को दैनिक प्रयोग की भाषा के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है।[१२१]

वस्तुतः आदान-प्रदान की सामान्य भाषा के रूप में संस्कृत समाज से अलग रही। यह विशिष्ट वर्ग में ही सीमित रही। इसी के चलते इसमें दुरूहता आ गयी। समाज में यदा-कदा श्रवण-साध्य ही इसका उद्देश्य रहा।

इस प्रकार यह लक्षित होता है कि संस्कृत भाषा का सामाजिक स्वरूप सामाजिक सुधारों की आवश्यकता के आलोक में मान्य रहा। निःसन्देह राष्ट्रीयता एवं सुधार की प्रबल भावना से प्रेरित होकर ही भारत के पूर्वकालीन जीवन में इस भाषा को पनपाया गया। परवर्ती काल में यह उद्देश्य गौण हो गया। इससे यह सिद्ध होता है कि वैदिक काल में वर्णाश्रम में जातियों की प्रबलता बढ़ गयी। धर्मसूत्रों ने जातीय प्रतिबन्ध का बीजारोपण किया। ब्राह्मण समाज में अनेक जातियों का विलय हुआ, किन्तु संस्कृत भाषा जहाँ की तहाँ स्थिर रह गयी। विधवा-विवाह और नियोग जैसे कार्यों को भी धार्मिक मान्यता दी गयी। इस तरह संस्कृत भाषा अपने मूल उपादान से रहित होकर सामाजिक नियमों की शृंखला बनने लगी। भाषा स्खलित होने लगी और आचार-विचार प्रधान होने लगा।[१२२] भारतीय समाज का गठन भावना-मूलक होने के कारण ही ऐसा हुआ। **जोली** का कहना है कि भारत में तथा अन्य प्राच्य देशों में भी व्यवहार धर्म और नीति का अभिन्न अंग रहता है।[१२३] **विटरनित्स** कहता है कि समाज का ढाँचा धार्मिक भावनाओं से प्रभावित होता है, यह बात लोगों के जीवन में और खासकर स्त्रियों के जीवन में जितना भारत में चरितार्थ होती है, उतना अन्यत्र कहीं नहीं।[१२४] संस्कृत भाषा को सामाजिक रूप प्राप्त नहीं होने के पीछे भी यही रहस्य है। भले ही उत्कृष्ट शिल्पकर्म, सुविस्तृत वाणिज्य व्यवसाय, देश-देशान्तर गमन तथा समुन्नत राज्य शासन की विधा में समाज पक्ष था, किन्तु संस्कृत भाषा को लोकाचार की भाषा बनाने में उनको सफलता नहीं मिली।[१२५]

समाज में संस्कृत के स्वरूप के संरक्षण के लिए भी भाषा की आधारशिला सर्वोपरि है।[१२६] भाषा केन्द्रीय स्वर विधान पर आधारित है। शब्दों और उनके अर्थ का विकास, सामाजिक आदान-प्रदान के कारण होता है। भाषा तो व्यवहार-मूलक नीति पर अवलम्बित है। संस्कृत भाषा का सर्वदेशीय रूप है। भावों के आदान-प्रदान का मूल साधन है। विचार और चिन्तन से भी इसका गहरा सम्बन्ध है। संस्कृति का सत्य विचारों और चिन्तनों पर आधारित है। भाषा विचारों को सुव्यवस्थित करती है।[१२७] सामाजिक बोध के लिये भाषा का बोध और शोध दोनों ही आवश्यक हैं। संस्कृत भाषा की व्यवस्था में सिद्धान्ततः यह अवश्य अभिज्ञात हुआ, किन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं हो सका।[१२८] इसके पीछे सांस्कृतिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पिछड़ापन मूल नहीं है, अपितु भविष्य के प्रति सामूहिक उदासीनता के आवर्त्त से आबद्ध होकर ही इस देश के लोगों ने संस्कृत भाषा को सामाजिक सन्दर्भ में दुर्बल बनाया।[१२९]

वर्तमान युग में भाषा और समाज में अंतस्सम्बन्धों पर अनेक चर्चाएँ हो रही हैं। विचारों की पंक्तियाँ अनगिनत है। सैद्धान्तिक मत वैभिन्य भी कम नहीं है। इसके बाद भी भाषा को मानव से सम्पृक्त करने का प्रयास जारी है। भाषा और समाज के बीच की कड़ी के रूप में मानव सत्ता की प्रतिष्ठा अव्यहत भाव से बनी है। भाषाविज्ञान भाषा को सार्वभौमिक लक्षणों से युक्त मानता है, क्योंकि मानव की सहजात वृत्तियों को यह आत्मसात कर सकती है। साथ ही मानव आचरण के व्यापक परिप्रेक्ष में भाषा सामाजिक संस्था के रूप में परिभाषित है। एक के माध्यम से मानव तन की अपनी विशिष्टताओं के सन्दर्भ में भाषा का मूल प्रकृति का समझने का प्रयास किया गया है तथा दूसरे के द्वारा सामाजिक सम्बन्ध के सन्दर्भ में मनुष्य-मनुष्य के बीच बोयी जाने वाली सम्प्रेषण व्यवस्था को वास्तविक बनाया जाता है। इस प्रकार भाषा कहीं मनोविज्ञान के दायरे में और कहीं समाजविज्ञान की सीमा से आबद्ध है। संस्कृत भाषा का सामाजिक स्वरूप भी इन्हीं मूल उद्देश्यों के मध्य केन्द्रित हैं। ऐतिहासिक कारणों से संस्कृत भाषा समाज की सीमा में रहते हुए भी अलौकिक सीमा में आबद्ध हो गई। वर्तमान युग की सामाजिक उन्नति की प्रक्रिया में इसे सामाजिक भाषा बनाने का यत्न आवश्यक है।

सन्दर्भ :-

१. श्रीवास्तव और सहाय, हिन्दी का सामाजिक सन्दर्भ, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, प्रथम संस्करण, १९७६, पृ. १८

२. वर्नस्टीन, बी.बी. सम डिलरमिनेट्स ऑफ परसेप्शन, एन हन्ववारी इन ट् सब कल्चरल डिफेन्स इन डेजिन्स लाटन, १९६८, पृ. १८

३. त्रिपाठी बाबूराम, संस्कृत साहित्य का समालोचनात्मक इतिहास, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, प्रथम संस्करण १९७३:

४. शर्मा राम विलास, भाषा और समाज, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, १९७७ ई., पृ. ६५, ४०७

५. उपरोक्त, पृ. ४०७

६. उपरोक्त, पृ. ४०७

७. उपरोक्त, पृ. १६८

८. वर्मा, घरीन्द्र, मध्यप्रदेश, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् पटना, पृ. २४

९. चटर्जी सुनीति कुमार, भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, पृ. १८४, दिल्ली

१०. भाषा औरसमाज, पृ. १७४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

११. वही, पृ. १७७
१२. भाषा और समाज, पृ. १९१
१३. नगेन्द्र, भारतीय साहित्य की मूलता एकता, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, २०१५ वर्ष ६३ तक ३-४, पृ. ३०५
१४. राय एस.आर., संसार की सबसे पहली लिपि का रहस्य, कादम्बिनी, सितम्बर १९८४, पृ. ५०
१५. चौधरी यतीन्द्र विमल, मुस्लिम पेट्रोनेज आफ संस्कृत लर्निंग, हदरिस अदावियात, दिल्ली १९८१ ई., पृ. १५
१६. वही, पृ. १, २
१७. मित्रा आर.एल. वोल्यूम १ डब्लू न्यमेन एण्ड कं. ३ डलहोजी स्क्वायर, १८८१, पृ. १०, ११ इन्हो आर्यान
१८. भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, पृ. ६३, ६४
१९. चटर्जी सुनीति कुमार, वही, पृ. ७६
१९. चौधरी राधाकृष्ण, प्राचीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, भारती भवन पटना, तृतीय संस्करण १९७४ ई., पृ. ६२४
२०. अल्तेकर ए.एस. एजुकेशन इन एन्सियेन्ट इण्डिया, नन्द किशोर प्रेस, वाराणसी १९५६, पेज ४, पृ. २०
२१. द्विवेदी हजारी प्रसाद, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी ग्रन्थमाला कार्यालय, बम्बई १९५६, पृ. १३०
२२. त्रिपाठी बाबूराम, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, १९७३, पृ. १-६
२३. वही, '' पृ. ८
२४. वही, '' पृ. ९
२५. भाषा और समाज, पृ. १७८
२६. वही, पृ. १७६
२७. वही, पृ. २३१
२८. भाषा और समाज, पृ. २३१
२९. वही, पृ. २३१
३०. राहुल सांकृत्यायन, मातृभाषाओं का प्रश्न हंस, १९७३ ई.
३१. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ. ११
३२. त्रिपाठी रमाशंकर, प्राचीन भारत का इतिहास, नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स, बनारस, १९५१, पृ. १६६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३३. भाषा और समाज, पृ. १७२
३४. भाषा और समाज, पृ.सं. २३६,२२६
३५. डा. मोती चंद सार्थवाह, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पृ. १५३
३६. डा. वि. वाकजकर, इतिहास बदलना है, हिन्दी विश्व ने अम्बर १९८२, पृ. २०
३७. भाषा और समाज, पृ. भूमिका से ४६
३८. वही, पृ. भूमिका से ४६
३९. भाषा और समाज, पृ. ९, १०
४०. आदम मकाई, इज इन्टिजेक्चक्ल एनसेस्टर वाज पाणिनि रियली? सुनीति चटर्जी कम्मैमोरेशन वोल्युम, एडिटेड बाय भक्ति प्रा. माल्लिक, यूनिवर्सिटी आफ वर्दमान, १९८१ ई., पृ. १३०
४१. वही, ,, ,, वाल्टर रूबेन दि हिस्ट्री आफ संस्कृत इज ए प्रोब्लेम आफ दी एन्सियेन्ट इण्डियन कल्चर, पृ. १७८, १७९
४२. राधाकृष्ण, धर्म और समाज, राजपाल एंण्ड सन्स, दिल्ली-६, प्रथम संस्करण १९६०, पृ. १२५
४३. वही, पृ. १२८
४४. धर्म और समाज, पृ. १२६
४५. भाषा और समाज, पृ. १४७, २०७, २३७
४६. वाल्टर रूबेन, दि हिस्ट्री आफ संस्कृत इज ए प्रोब्लेम आफ दि हिस्ट्री आफ दि ऐंशिएण्ट इण्डियन कल्चर, सुनीति चटर्जी कम्मेमोरेशन वोल्यूम, भक्ति पद मल्लिक, दि यूनिवर्सिटी आफ वर्दमान, १९८१, पृ. १८१
४७. धर्म और समाज, पृ. १०
४८. भाषा और समाज, पृ. २३८
४९. डा. परमानन्द झा शास्त्री, संस्कृत वैशिष्टमाधुनिक शिक्षा, पद्धतो अल्सग्रिवेशश्च, विश्वमनीषा, चतुर्थ वर्ष, श्रावणी २०३६, पृ. ४२
५०. मुखोपाध्याय प्रमथनाथ, इण्डिया : हर कल्ट एण्ड एजुकेशन, १२ । १ नमान चन्द्र दत्त स्ट्रीट, कलकत्ता १९१२ पृ. १
५१. चौधरी निरद, स्कालर एकस्ट्रा आर्डिनरी, दि लाइफ आफ प्रोफेसर, दि स्मिहोन, फ्रेडरिक मैक्स मूलर, दिल्ली, आक्सफोर्ड प्रेस, १९७४, पृ. ३१६
५२. द्विवेदी हजारी प्रसाद, हिन्दी साहित्य की भूमिका, टि.ग्र. लाकर, बम्बई चौथा सं. १९५० ई., पृ. १७३
५३. त्रिपाठी रत्नाकर, प्राचीन भारत का इतिहास, नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स, बनारस १९५१, पृ. २६, ६०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५४. प्रो. शिवदत्त ज्ञानी, एम.ए. भारतीय संस्कृति, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, १९४४, पृ. २४, २७
५५. भाषा विज्ञान, १९५१, पृ. १९१
५६. शर्मा गणेश दत्त, विश्व का प्रथम राष्ट्रगीत, आज कुमार समा किंग्जवे, दिल्ली ९, १९६२ ई., पृ. ७, ८
५७. भाषा और समाज, पृ. ३७०, ३७१
५८. वही, पृ. ३७१, ३७४
५९. वही, पृ. ३८०, ३८१
६०. पद्मसिंह शर्मा, हिन्दी, उर्दू औयर हिन्दुस्तानी, १९३३, पृ. २६
६१. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक अध्ययन, पृ. ८, ९
६२. शर्मा राम विलास, परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली २१६८१, पृ. २०९, २१०
६३. वही, पृ. १६, १७
६४. परम्परा का मूल्यांकन, पृ. २२६
६५. भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, द्वि.सं. १९५७, पृ. १५८, १५९
६६. त्रिपाठी रमाशंकर, प्राचीन भारत का इतिहास, नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स, बनारस, १९५१, पृ. २०५
६७. अग्रवाल वासुदेव शरण, पाणिनि परिचय, मध्य प्रदेश शासन साहित्य परिषद् भोपाल, १९६५, पृ. २ भूमिका से।
६८. चौधरी निदर, स्कालर एक्स्ट्रा आर्डनरी, दि लाइफ आफ प्रोफेसर सेंक्सएलर, दिल्ली, १६७४, पृ. १९९
६९. प्राचीन भारत का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास, भारती भवन, तृ.सं. १९७४, पृ. ५७
७०. हाजिमें नकामुरा, ए कम्पेनियम टू कन्टेम्प्रोरी संस्कृत, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, प्र.सं. १९७३, पृ. १, २
७१. ए कम्पैनियन टू कन्टेम्प्रोरी संस्कृत भूमिका से, पृ. १
७२. कामेश्वर सिंह, दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रथम धार्मिक प्रतिवेदन, (१९६१ से १९६६ तक) प्राचार्य बी. राधावन भाषण, १९६७ ई.
७३. भाषा और समाज, पृ.सं. १९०
७४. स्वामी विवेकानन्द सेन्टमरी मेमोरियल वोल्युम एडिटेड स्वामी विवेकानन्द सेन्टीनरी, कलकत्ता, १९६३, पृ. १,२,३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७५. राधाकृष्णन, धर्म और समाज, राजपाल एण्ड ब्रदर्स, दिल्ली-६, प्र.सं. १९६०, पृ. ६
७६. भाषा और समाज, पृ. ३६८
७७. वही, प.भूमिका ११, १३
७८. वाशम ए.एल, दि वन्छर दैट वाज इण्डिया, सिजविक एण्ड जैक्सन, लन्दन, १९५४, पृ. ३८६, ३८७
७९. भाषा के घि सलिलमग्र आसीद्
मां मयामिस्बमररम्ननीषिण:
मस्या हृदयं म रमे व्योमन्
सत्येनावृत्तं व्यमृतं पृथिव्या:।। *(अथर्ववेद, पृथ्वी सूक्त, मंत्र ८)*
८०. अथर्ववेद, पृथ्वी सूक्त मंत्र १२
८१. शर्मा गणेश दत्त, विश्व का प्रथम राष्ट्रगीत, आर्यकुमार सभा किंग्जवे, दिल्ली ९, १९६२, पृ. ६, आल्तेकर ए.एस. एजुकेशन इन ऐंशिएण्ट इण्डिया, नन्दकिशोर बोस, वाराणसी पंचम संस्करण, १९५७, पृ. २५ से ८८ चैप्टर ४
८२. मुखर्जी प्रथम नाच इण्डिया हर कल्ट एण्ड एजुकेशन, १२ । १ नमान चन्द्र स्ट्रीट, कलकत्ता, १९१२, पृ. ११२
८३. स्वामी विवेकानन्द सेन्टीनरी मेमोरियल, वोल्यूम, एडीटर आर. मजुमदार, १०६३, कलकत्ता, पृ. ३०
८४. आचार्य श्री रामचन्द्र मिश्र, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, १ वि.सं. २०२७
८५. भाषा और समाज, पृ. २२४, २२५
८६. धर्म और समाज, प्र.सं. १९६०, पृ. ८५
८७. मनुस्मृति, १-११८
८८. आश्वलायन, १-७-१
८९. याज्ञवल्क्य, २-६२
९०. भाषा और समाज, पृ. ५५
९१. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ६३ संवत् २०१५, अंक ३-४, पृ. ४०९
९२. स्वामी विवेकानन्द सेन्टीनरी वोल्युम, एडिटेड आर. मजुमदार, कलकत्ता, १९६३,
९३. धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां महाजनो येन गत: स पन्था:-महाभारत
९४. भाषा और समाज, पृ. २२४
९५. ए कम्पेनियम टू कम्टेम्प्रोरी संस्कृत, पृ.सं. १०
१००. चौधरी राधाकृष्ण, प्राचीन भारत का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास, भारती भवन, पटना, १९७४, पृ. ६३७, ६३८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१०१. मेलविल जेकब्स और जे. स्टर्न जेनरल एंथ्रेपोलाजी, न्यूयार्क, १९५२, पृ. १७
१०२. भाषा और समाज, पृ. २०७
१०३. के.पी. जायसवाल, हिन्दू पोलिटी बंगलोर, १९४३, पृ. १४८
१०४. जान म्यूर, ओरिजिनल संस्कृत टेक्स्टस, लन्दन, १९७२-७४, पृ. १५८, १५९, १६०
१०५. एस.के. दास, दि इकानोमिक हिस्ट्री आफ इण्डिया, कलकत्ता, १९४४, पृ. ११०, १११
१०६. शर्मा आर. हस. शूद्राज इन एंशियेन्ट इण्डिया, दिल्ली, १९५८, पृ.२३४-२४१
१०७. चौधरी राधाकृष्ण, इकोनामिक हिस्ट्री आफ इण्डिया, जानकी प्रकाशन, पटना, १९८२, पृ.सं. २६७
१०८. वही, पृ.सं. २७७
१०९. वही, पृ.सं. २७७
११०. डा. मोतीचन्द सार्थवाह, राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, पृ. १४३
१११. शर्मा राम विलास, भाषा और समाज, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, १९७७, पृ. २३१
११२. चौधरी राधाकृष्ण, इकोनोमिक हिस्ट्री आफ एंशियेन्ट, जानकी प्रकाशन, पटना, १९८२, पृ. २७७
११३. दत्त आर., सी स्पीचेज आन इण्डिया क्वेश्चन्स, रतन प्रेस, कलकत्ता, १९०२, पृ. २४५, २४६
११४. दी कल्चरल हेरिटेज आफ इण्डिया वोल्युम, रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट आफं कल्चर डि.सं. १९५८, पृ. १६३
११५. मुखर्जी ए.सी., दी नेचर आफ सेल्फ, इलाहाबाद, १९३८, पृ. २, ३, ७३
११६. सरकार बी.के., मार्डन रिब्यू, १९१७, पृ. २११
११७. जाली, हिन्दू ला एण्ड कास्टम, पृ. १
११८. विन्टरनिज डिए फ्राड इन ब्रह्मनिज्म, लिपर्निग, १९२०, पृ. २, १२१
११९. भाषा और समाज, पृ. १७१
१२०. चटर्जी सुनीति कुमार, भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, डि.स. १९५७, पृ. १८४
१२१. देवर, दि हिस्ट्री आफ इण्डियन लिटरैचर, चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ आफिस, वाराणसी १, १९७४, पृ. ७, ८
१२२. द्विवेदी हजारी प्रसाद, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, बम्बई, चो.सं. पृ. १०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१२३. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, प्र.सं. १९७३, पृ. १, २
१२४. अग्रवाल वासुदेव, पाणिनि परिचय, मध्य प्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, १९६५ ई., पृ. २, ३, ५
१२५. वही,
१२६. मेघदूत, सम्पादक ललिता प्रसाद सुकुल, वंगीय हिन्दी परिषद, कलकत्ता १२, १९५८, पृ. ३३-३६
१२७. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, प्र.सं. १९७३, पृ. ७-१३
१२८. कालिदास, रघुवंश, १९ सर्ग
१२९. हिन्दी का सामाजिक सन्दर्भ, सम्पादक रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव, रमानाथ सहाय, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, प्रथम संस्करण, १९७६, पृ. १७
१३०. वही,
"दि बिल फाईनली सजेस्ट दैट ए माडल आफ लैंग्वेज ह्विच एकोमोहेट्स दी फैक्ट्स आफ मेरिएवल यूजेज एण्ड हट्स सोसल एण्ड स्टाई लिस्टक डिटरमिनेट्स नोट ओनली लिट्स ट् मोर एडिक्वेट डिसक्रिप्सन्स आफ लैंग्वेज कम्पीटेन्स, वट आलसो नेचुरली इल्ट्स ए पियोरी आफ लैंग्वेज चेन्ज देट वईपस्ट दी फूटलेस पैराडोवसेस दिष व्हीन स्टोरीकल लिंक्वीस्टीहक्स हेज बीन स्ट्रागलिंग फौर ओमर आफ ए सेन्चुरी।"
१३१. श्रीवास्तव एवं सहाय, हिन्दी भाषा का सामाजिक सन्दर्भ, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, प्रथम संस्करण, १९७६, पृ. १८
१३२. प्रो. बाल्डविन, सोसल एण्ड इन्टरप्रेटेशन इन मेनटल डेमलपमेन्ट, पृ. ११
१३३. द्विवेदी हजारी प्रसाद, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, चौथा संस्करण, १९५०, पृ. १०
१३४. उपाध्याय बलदेव, हिन्दू विश्वविद्यालय काशी, १९६०, पृ. २७ (संस्कृत साहित्य का इतिहास)
१३५. चौधरी यतीन्द्र विमल मुस्लिम पेट्रोनेज संस्कृतलर्निंग अपारेट-अदाविशात, दिल्ली रिपोर्ट १९८१ ई., पृ. ८६-८७
१३६. हिन्दी का सामाजिक सन्दर्भ, सम्पादक श्री रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव, रामनाथ सहाय, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, प्र.सं. १९७६, पृ. १९९, ८८
"इन ए सेन्स एनी ए सिचुएशन आफ डिग्लो सिंया इफ कमडीड हट इस नोट यूज्ड, बाइ एनी सेक्टर आफ दी कम्युनिटी फोर ओर्डीनरी कन्जस्मेसन सी.ए. फरगुसन १९५८ प. ४३५, मुस्ट करसपोनईगिली सेक पाघर आफ ए सर्टन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोर्ट दी फेट आफ संस्कृत एण्ड लेटिन इन पर्टिकुलर एर्मांग हाई स्टेटस लिटरेरी लंगेवेजेज निट्स नो मोर मेनसन।''
(जे.बी. प्राइड, दी सोसल मिनिंग आफ लैंग्वेज, ओक्स.यूनि. प्रेस, १९७४, पृ. १८)

१३७. आर.सी. मजुमदार, दि एज आफ इम्पिरियल यूनिटी, बम्बई, १९५१, पृ. ५५३

१३८. हिन्दू ला एण्ड कस्टम, पृ. १

१३९. दि ए फ्राड इन ब्रसनिज्म, लिजिंग, १९२०, पृ. २, १२१

१४०. दत्त अक्षय कुमार टि रिजियस सैक्टस आफ हिन्दूज का सिद्धाता नूतन संस्कृत यन्त्र, १३३३ बंगला, पृ. १७ उपक्रमणिका

१४१. हिन्दी भाषा का सामाजिक सन्दर्भ, सं.र. नाथ श्रीवास्तव, रमानाथ केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, आगरा, १९७६, पृ. भूमिका से।

१४२. हाकेट सी.एफ.ए. कोर्स इन माडर्न लिंग्विस्टिक्स न्यूयार्क, मैकमिलन, १९५८ भूमिका से

१४३. प्रसाद नर्मदेश्वर, मानव व्यवहार तथा सामाजिक व्यवस्था, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, ३ प्र.सं. १९७३, पृ. ७७, ७८

१४४. वही।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्कृत साहित्य का गौरव ग्रन्थ गीता एवं तिरुक्कुरळ तमिल साहित्य का वेद

*डॉ. अर्चना दुबे

तमिल साहित्य में कुरलकाव्य को पंचमवेद की संज्ञा दी गयी है। 'नालड़ियार' भी महत्त्वपूर्ण गीतिकाव्य है।

तमिल भाषा के पंचमहाकाव्यों में जीवकचिन्तामणि, शिलप्पड़िक्कारक एवं बल्लेयापति ये तीन जैन महाकाव्य हैं। जीवकचिन्तामणि काव्य में कल्पना शैली की सुन्दरता एवं प्राकृतिक चित्रण अपना विशेष महत्त्व रखता है। तमिल साहित्य में प्राप्त श्रेष्ठ व्याकरण-ग्रन्थों का निर्माण जैन लेखकों द्वारा किया गया है। जैनाचार्यों द्वारा सर्वप्रथम तमिल भाषा में नीतिविषयक साहित्य की रचना की गयी। 'पलमोलि' तमिल ग्रन्थ में पुरातन सूक्तियाँ हैं, जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। 'तिलेमालेमुरेनमु' नामक ग्रन्थ में शृङ्गार एवं युद्धपरक सिद्धान्तों का वर्णन है।

तमिल भाषा का साहित्य अति प्राचीन, सर्वाङ्ग समृद्ध और अनेक क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में प्रचुर है। तिरुक्कुरळ तमिल साहित्य का गौरव ग्रन्थ है। तिरुवल्लुवर कृत तिरुक्कुरळ को तमिल-वेद माना जाता है। धर्म, अर्थ एवं काम तीनों विषयों पर इसकी सामग्री विश्वविख्यात है। इस कृति का मूल तमिल, देवनागरी, लिप्यन्तर और प्रामाणिक हिन्दी अनुवाद मिलता है। वी.वी.एस. अय्यर के १९१५ ई. के अंग्रेजी अनुवाद सहित धर्म, अर्थ और काम का डॉ. रविन्द्र सेठ द्वारा विस्तृत अध्ययन मिलता है। तिरुक्कुरळ अधिकारी विद्वान् और डॉ. रवीन्द्र कुमार सेठ और तमिलभाषी विद्वान् डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्यम् का एक नवीन प्रयास है, जो ६०० पृष्ठों की हैं और १९९९ में प्रकाशित हुई।

'तिरुवल्लुवर एवं कबीर का तुलनात्मक अध्ययन' लेखक डॉ. रवीन्द्र कुमार सेठ- दिल्ली विश्वविद्यालय का तमिल हिन्दी तुलनात्मक विषयक प्रथम प्रकाशित, महत्त्वपूर्ण शोध प्रबन्ध उपलब्ध हैं।

तमिल साहित्य का तीन ग्रन्थशिरोमणि तिरुक्कुरळ, तिरुवाचकम् एवं तिरुमंदिरम् के फलस्वरूप तमिल भाषा जगद्वन्द्य और अजर-अमर है। तिरुक्कुरळ मानव के लिए जीवन है, तो तिरुवाचकम् हृदय तथा तिरुमंदिरम् आत्मा है।

जब तमिल ग्रन्थों को लिखा जाना प्रारम्भ हुआ तो उसमें वेद-वेदान्त, शास्त्रपुराण तथा संस्कृत का विशाल साहित्य भी समाविष्ट किया गया। प्रतिवादभयंकर श्री अण्णङ्गाचार्य और उनके अनुवर्त्तियों ने ऐसे प्रबन्धस्तोत्रों की रचना एवं संकलन किया।

*उपाचार्य (संस्कृत), वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीमद्भगवद्गीता के सदृश्य अत्यन्त समादृत और रामचरितमानस के तुल्य तमिल प्रदेश में घर-घर में नित्य पढ़े जाने वाले इस नीति-ग्रन्थ के अंग्रेजी तथा विभिन्न यूरोपीय भाषाओं में अनेक अनुवाद हो चुके हैं।

वेद, धर्म, शास्त्रादि में वर्णित एवं प्रतिपादित धर्म के विविध तत्त्वों का सम्यक् विवेचन हमें ग्रन्थशिरोमणि अमरनीति-ग्रन्थ तिरुक्कुरळ में मिलता है। इसकी अपूर्व व अद्वितीय विशेषताओं के आधार पर ही इसे 'तमिळ मरै' या 'तमिल वेद' कहते हैं।

इसकी रचना लगभग २००० वर्ष पूर्व हो चुकी थी। इस ग्रन्थ में धर्म, अर्थ, काम इन तीनों शीर्षकों पर आधारित तीन खण्ड हैं। धर्मकाण्ड में ३८, अर्थकाण्ड में ८० तथा कामकाण्ड में २५ अध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय में दस कुरळ् पदों में एक-एक तथ्य का प्रतिपादन किया गया है। १३३० कुरळ में धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत विषयों की व्यापक व्याख्या इस प्रकार की गई है मानो 'तिरुक्कुरळ ने राई को छेदकर उसमें सप्तसागरों को भर दिया है।'

इस ग्रन्थ के प्रत्येक छन्द में जीवन का चिरन्तन सत्य समाहित है। जीव के समस्त कल्याणकारी तत्त्वों का विश्लेषण कर प्राणिमात्र के जीवन पथ को प्रशस्त बनाने हेतु मार्ग-निर्देश किया है। निष्काम कर्मयोग पर विशेष बल देने वाले इस ग्रन्थ को कुरळ, वेदों की ऋचा के समान स्वीकार कर इसे तमिलज्ञमरै (तमिल वेद) सत्य ही कहा गया है।

भगवद्गीता संस्कृत साहित्य का एक महान् धर्म-ग्रन्थ है, जो हमें कर्म की शिक्षा देता है। यह ग्रन्थ संस्कृत भाषा में ही नहीं, अपितु विश्व की लगभग सभी भाषाओं में भी सर्वत्र उपलब्ध है। गीता के वचनामृत यदि एक बार किसी के कानों में पड़ जायें, तो वह स्वतः ही इसकी ओर आकर्षित हो जाता है। वर्तमानकाल में इसका प्रचार-प्रसार सम्पूर्ण विश्व में है।

श्रीमद्भगवद्गीता एक अद्भुत रचना है। इसमें भारतीय चिन्तन का, जैसा अप्रतिम स्वरूप निरूपित है, वैसा कहीं अन्यत्र नहीं है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी कहते हैं, 'गीता हिन्दूदर्शन तथा नीतिशास्त्र के सबसे प्रामाणिक ग्रन्थों में से एक है और सभी समुदाय में इसे इसी रूप में स्वीकार किया गया है।[३]

भगवद्गीता महर्षि वेदव्यास कृत है। यह महाभारत के भीष्मपर्व (अध्याय २५-४२) में अथ श्रीमद्भगवद्गीता प्रारम्भ नामक उपपर्व के रूप में १८ अध्यायों का ग्रन्थ हैं। ये १८ अध्याय क्रमशः इस प्रकार हैं-(१) अर्जुनविषादयोग, (२) सांख्ययोग, (३) कर्मयोग, (४) ज्ञान-कर्मयोग, (५) सन्यासयोग, (६) आत्मसंयमयोग, (७) ज्ञानविज्ञानयोग (८) अक्षरब्रह्मयोग, (९) राजविद्याराजगुह्ययोग, (१०) विभूतियोग, (११) विश्वरुपदर्शनयोग, (१२) भक्तियोग, (१३) क्षेत्र-क्षेत्रज्ञयोग, (१४) गुणत्रयविभागयोग, (१५) पुरुषोत्तमयोग,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(१६) दैवासुरसम्पद्विभागयोग, (१७) श्रद्धात्रयविभागयोग एवं (१८) मोक्षसन्यासयोग। गीता के सभी अध्यायों में योग को महत्त्वपूर्ण माना गया है। कर्म, ज्ञान और भक्ति तीनों के समन्वय को 'योग' कहा गया है। गीता में कहा भी गया है। ''समत्त्वं योग उच्यते एवं योगः कर्मसु कौशलम्।''[२]

गीता का माहात्म्य बतलाते हुए भगवान् वैशम्पायन कहते हैं, **''सर्वशास्त्रमयी गीता''** अर्थात् गीता सार्वजनीन धर्मग्रन्थ है। सर्वभावमयता और उदारता के कारण गीता सभी धर्मों, सभी सम्प्रदायों और सभी श्रेणियों के मानवों का धर्मग्रन्थ बन गयी है।[३] इसी प्रसंग में सर्वपल्ली राधाकृष्णन् भी कहते हैं, ''आज हमारे सम्मुख विद्यमान मुख्य समस्या मानवजाति के मेल-मिलाप की है। इस प्रयोजन के लिये गीता विशेष रूप से उपयुक्त है, क्योंकि धार्मिक चेतना के पृथक्-पृथक् और प्रकट रूप में परस्पर विरोधी दीख पड़ने वाले रूपों का समन्वय करने का प्रयास किया गया है और धर्म की उन मूल धारणाओं पर जोर दिया गया है, जो न तो प्राचीन हैं और न ही आधुनिक बल्कि शाश्वत हैं और अतीत, वर्तमान और भविष्यत् की मानवता के अंग-प्रत्यंग से सम्बन्धित हैं।[४]

एक अन्य स्थान पर डॉ. राधाकृष्णन् समझाते हुए पुनः कहते हैं कि गीता हिन्दू-धर्म के किसी एक सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करती, अपितु समग्र रूप में, जिसे धर्म कहा जाता है, उन सबका तथा उसकी उस विश्वजनीनता के साथ प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें काल और देश की कोई सीमा नहीं है।[५]

गीता के सम्बन्ध में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं, **''गीता में हृदयं पार्थ गीता में सारमुक्तमम्''** अर्थात् हे पार्थ, गीता मेरा हृदय और गीता मेरा सार सर्वस्व है।[६] गीता में भगवान् श्रीकृष्ण जीवन को आनन्दमय बनाने के उद्देश्य से कहते हैं कि, सांसारिक सुख और दुःख में लिप्त न होकर सनातन आनन्द का अनुभव करें और जीवन का संगीत गाते हुए जीवन व्यतीत करें। इसलिए गीता का शीर्षक भी है-गीयते अनेन इति गीता। अर्थात् जो गाये गये हों अथवा गायी जाये, वह गीता है। कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अनुष्टुप् और उपजाति छन्दों में गीता को गाकर सुनाया, अर्थात् उपदेश दिया। गीताध्यान में कहा है -

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।

उपनिषदें मानों गाय के समान है, श्रीकृष्ण उनका दोहन करने वाले हैं। अर्जुन बछड़े के समान हैं और गीता की अमृतरूपी वाणी उत्तम व दुग्ध के तुल्य है। केवल विवेकी बुद्धिमान् लोग ही उस दूध के पीने वाले हैं।''[७]

भारतीय संस्कृति में गीता को इतना महत्त्वपूर्ण और आदर युक्त स्थान प्राप्त है कि महात्मा गाँधी और विनोबा भावे ने तो इसे माता की संज्ञा दी है। वेदान्त-दर्शन के स्रोत ग्रन्थों में भी ऐसा ही प्राप्त होता है। उपनिषद, ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भगवद्गीता-इन तीनों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रस्थानत्रयी माना जाता है।

आनन्दगिरि शङ्कराचार्य ने गीता को बन्धनों से छुड़ाने वाली माना है, उनका कहना है कि गीता का उद्देश्य हमें जीवन-बन्धन से मुक्ति का उपाय सिखाना है, केवल कर्म करने की प्रेरणा देना ही नहीं।

शोक महोहादिसंसार कर्म निवृत्यर्थ,
गीता शास्त्रं न प्रवर्त्तकम्।।

वे कहते हैं कि गीता हमें प्रभावपूर्ण और गम्भीर सत्य का दर्शन कराती है। यह मनुष्य के मन के लिये नये मार्ग खोल देती है।[८]

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी गीता से बहुत प्रभावित हुए। गाँधी जी कहते हैं कि 'गीता सूत्र-ग्रन्थ नहीं है। गीता एक महान् धर्मकाव्य है। उसमें जितनी गहरायी में उतरिये, उसमें से नये और सुन्दर अर्थ लीजिये। गीता जन-समाज के लिये हैं। उसमें एक ही बात को अनेक प्रकार से कहा गया है। अतः गीता में आये हुए महाशब्दों का अर्थ युग-युग में बदलता और विस्तृत होता रहेगा। गीता का मूलमन्त्र कभी नहीं बदल सकता। वह मंत्र जिस रीति से सिद्ध किया जा सके, उस रीति से जिज्ञासु चाहे तो अर्थ कर सकता है।'[९]

गाँधीजी कहते हैं कि, "जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई पड़ती, तब मैं गीता की शरण लेता हूँ। जहाँ-तहाँ कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं कठिन विपत्तियों में भी तुरन्त मुस्कुराने लगता हूँ।"[१०] (यंग इण्डिया, १९२५, पृ.सं. १०७८-१०७९)

श्रीमद्भगवद्गीता विश्व में इतनी प्रसिद्ध हुई कि विभिन्न भाषाओं में इसके अनुवाद किये गये। गीता का प्रथम अंग्रेजी अनुवाद १७८५ में विल्कींस ने किया। गीता की प्रशंसा में जर्मन भाषा में १८२३ में **सेलजल (Schlegel)** नामक एक कविता लिखी गयी, जिसमें बहुत अच्छी तुकबन्दी है।

बुरनॉल प्रोड्रयूस्ट नामक गीता का फ्रेंच में अनुवाद है, जो १८६१ में लिखा गया है। **सर एडविन अरनॉल्ड** ने गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिसको **The Song Celestian** कहा गया, यह १७८५ में किया। १६वीं शताब्दी में **अबुलफजल** ने **परसियन भाषा** में अनुवाद किया। जापान में भी गीता का अनुवाद हुआ, जिसे **Takakasu and Tsuji** कहा जाता है।[११]

गीता से अत्यधिक प्रभावित होकर **एल्डौस हक्सले** लिखते हैं, 'The Gita is one of the clearest and most comprehensive summarises of the perennial'.

तिरुक्कुरळ का परिचय- भारत देश विभिन्न भाषाओं वाला देश है। भारत में विभिन्न भाषाओं का होना, भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता मानी जाती रही है। यहाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रत्येक भाषाएँ लिपि, उच्चारण और व्याकरण की दृष्टि से जितनी विविधता रखती है, उतना ही भेद उनकी सुषमा और गरिमा में है। वस्तुतः संस्कृत, हिन्दी, बंगला, तमिल, मलयालम, ओड़िया, मराठी, असमिया, गुजराती, तेलुगू, कन्नड़, उर्दू, पंजाबी आदि सभी भाषाओं की अपनी एक विशेषता होती है। इन सभी भाषाओं का अपना साहित्य रहा है, लेकिन ये साहित्य मात्र अपने भाषाभाषी क्षेत्र तक ही सीमित रहे; क्योंकि लोगों में विभिन्न भाषा के ज्ञान का अभाव रहा है। इनके प्रचार-प्रसार के लिये इनका देवनागरी लिपि में अनुवाद किये जाते हैं, ताकि इन रचनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जा सके।

तमिल का साहित्य अति प्राचीन सर्वाङ्गसमृद्ध और अनेक क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में प्रचुर है।[१२] तमिल-रचनाओं में तीन ग्रन्थ शिरोमणि माने गये हैं- (१) तिरक्कुरळ, (२) तिरुवाचकम्, (३) तिरुमन्दिरम्। इन तीनों ग्रन्थों ने तमिल भाषा को जगद्वन्द्य और अजर-अमर बना दिया। तिरक्कुरळ मानव के लिये है, तो तिरुवाचकम् हृदय और तिरुमन्दिरम् आत्मा के लिये। तमिल साहित्य में ग्रन्थ का कार्य प्रारम्भ हुआ तो उसमें वेद-वेदाङ्ग, शास्त्र-पुराण तथा संस्कृत का विशाल साहित्य भी समाविष्ट किया गया। अर्थात् संस्कृत साहित्य का भी समावेश हुआ।[१३]

प्रतिवाद भयङ्कर श्री **अण्णाङाचार्य** और उनके अनुवर्तियों ने प्रबन्ध स्तोत्रों की रचना और संकलन किया। कहा जाता है कि उनकी संख्या चार-पाँच हजार हैं और विशिष्ट सम्प्रदायों में तो वह वेदपाठ से भी अग्रणीय स्थान प्राप्त करता है। ऐसी समृद्धिशाली तमिल भाषा के ग्रन्थरत्न 'तिरुक्कुरळ' का अनुवाद हमें नागरीलिपि में भी प्राप्त होता है।

तिरुक्कुरळ के रचयिता **सन्त तिरवल्लुवर** हैं। इनका समय[१४] २०० वर्ष पूर्व माना जाता है। कहा जाता है कि ये **माइलो पोर** नामक गाँव में रहते थे। **Mylopore** का अर्थ है- **Town of Peacocks** अर्थात् मोरों का कस्बा। वर्तमान में 'माइलोपोर' चेन्नई शहर का भाग है, माइलोपोर समुद्री तट पर है। जहाँ मोरों के घोसलें अधिक पाये जाते हैं। अब इसे **खाड़ी** के नाम से जाना जाता है। प्राचीनकाल में साधारणतौर पर यहाँ एक तट था, जहाँ **तिरुवल्लुवर** का जन्म हुआ, वे यहाँ काफी वर्ष व्यतीत किये।

'तिरु' का अर्थ लक्ष्मी व श्री है। कहा जाता है कि उनको **'तिरु'** शब्द जनता ने सम्मान के तौर पर प्रदान किया, जो कि एक तमिल उपाधि है। **वल्लुवर** दक्षिण में एक सामान्य जाति का नाम माना जाता है। इसके अतिरिक्त इसका एक और अर्थ लगाया जाता है- भक्त, उपासक अथवा पुजारी।

सन्त तिरुवल्लुवर के परिवार के सन्दर्भ में निश्चित प्रमाण नहीं है, किन्तु माना जाता है कि इनके पिता **ब्राह्मण** थे तथा बड़ी बहन कवयित्री थी, **जिसका नाम आ वैय्यार था।**

तिरुक्कुरळ तमिल क्षेत्र में इतना लोकप्रिय और प्रसिद्ध है कि वहाँ इस ग्रन्थ की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीमद्भगवद्गीता और रामचरितमानस की भाँति घर-घर में पूजा होती है। इसका कारण यह है कि इसमें वेद, धर्मशास्त्रादि व धर्म के विविध तत्त्वों का सम्यक् विवेचन किया गया है। तमिल साहित्य के श्रेष्ठतम ग्रन्थों में तिरुक्कुरळ प्रमुख है। इस ग्रन्थ की विशेषताओं के आधार पर ही इसे **'तमिलमर'** अथवा **'तमिल पंद'** कहा जाता है।

तिरुक्कुरळ की विशेषताओं और महत्त्व से प्रभावित होकर कई विद्वानों ने इस ग्रन्थ के अंग्रेजी और विभिन्न यूरोपीय भाषाओं में अनेक अनुवाद किये।

विदेशी भाषाओं में तिरुक्कुरळ के अनुवाद क्षेत्र में अंग्रेजी का प्रमुख स्थान है। **डॉ. जी.यू. पोप, डब्ल्यू. एच्. ड्र्यू, जॅन ञलाजारुस** तथा श्री **एलिस** ये कुछ प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने तिरुक्कुरळ के अनुवाद तथा पद्यों में परिवर्तित करने के लिये समर्पित होकर कठोर मेहनत की।

१७३० में **लैटिन भाषा में "कन्सटेन्ज़ू बिस्थी"** ने तिरुक्कुरळ का अनुवाद किया, जो यूरोपीय भाषा में तमिलनाडु साहित्य की बौद्धिकता व सम्पन्नता का प्रतीक माना जाता है।

यहाँ तक ही नहीं, वर्तमान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री **एम.के. करुणानिधि** ने भी तिरुक्कुरळ की कविताओं की व्याख्या लिखी है।

कॉल सी.आर. सुन्दर द्वारा रचित **बुक डिवाईन (Book Divine)** ऐसी संरचना है, जो पद्यों में अनुवादित की गई **तिरुमरः** पर इस तरह की पहली रचना मानी गयी है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि तिरुक्कुरळ का प्रचार-प्रसार विश्व के प्रत्येक कोने तक पहुँच चुका है, किन्तु यह आश्चर्य ही है कि तमिल के अतिरिक्त भारत के अन्य भाषा-भाषी क्षेत्र अब तक इसके पठन-पाठन से वञ्चित रहे।

तिरुक्कुरळ एक महान् नैतिक ग्रन्थ है। इसके नीतिवचनों का प्रकाश भारत के प्रत्येक भाषा-भाषी क्षेत्र तक पहुंचे, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये हमारे द्वारा तिरुक्कुरळ के लिये एक छोटा-सा प्रयास किया जा रहा है। आशा है, इस महान् ग्रन्थ के नीतिवचनों से जनसामान्य अवश्य लाभान्वित होगा।

विषय परिचय- तिरुक्कुरळ धर्म, अर्थ तथा काम इन तीन काण्डों में विभाजित है। धर्मकाण्ड में ३८, अर्थकाण्ड में ७० तथा कर्मकाण्ड २५ अध्याय है, क्योंकि हमारा विषय नीति से सम्बन्धित है। इसलिये हमने कामकाण्ड को छोड़ दिया है। हम यहाँ धर्मकाण्ड और अर्थकाण्ड पर ही चर्चा करेंगे। प्रत्येक अध्याय में दस कुरळ (छन्द) में एक-एंक तथ्य का प्रतिपादन किया गया है। इस प्रकार १३३० कुरळ में धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक व व्यक्तिगत विषयों की व्यापक व्याख्या की गई है। ग्रन्थ का लिप्यनुसरण **राजस् पिल्लै** ने किया है तथा पद्यानुवाद **नन्द कुमार अवस्थी** ने किया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। ग्रन्थ के प्रारम्भ से पूर्व भूमिका दी गई, जिसे **'पा़दिरम्'** कहा जाता है। धर्मकाण्ड के कुछ अध्याय इस प्रकार है-**धर्मकाण्डम्** अर्थात् 'अरत्तुरपाल' में प्रथम 'अदिहारम्' (अध्याय) **कडवुळ-वारळरतु** (ईश वन्दना) है, द्वितीय **वान शिरपयु** (वर्षा महत्त्व), तृतीय **नोत् तार पेरुमे** (सन्यासी महिमा), चतुर्थ **अरन् तमिलमुरत्तळ** (धर्म का आग्रह), पंचम-**इल् वाळक्मे गाह** (गार्हस्थ्य धर्म) इत्यादि। इसी प्रकार **पौरुटपाल** अर्थात् धर्मकाण्ड में प्रथम अदिहारम् **इरैमाटचि** (शासक के गुण) है, द्वितीय अदिहारम् **कल्वि** (शिक्षा) है, तृतीय अध्याय **कल्लार्मे** (अशिक्षा) है, चतुर्थ **केळवि** (श्रवणशीलता) है, पंचम **अरिवुड़्मै** (प्रज्ञाबुद्धि) है, षष्ठ अध्याय **बुरर्ड़्गडिदल्** (अर्थात् अवगुण-निवारण), सप्तम है **हपरिया रैत् तुणैककोल्** (महान व्यक्तियों से सीख) इत्यादि नीतिपूर्ण अध्याय हैं।

नीतिशास्त्र-नीति शब्द संस्कृत के 'नी' धातु तथा 'क्तिन्' प्रत्यय द्वारा निष्पन्न है, जिसका अर्थ है-ले जाना, निर्देशन, दिग्दर्शन, आचरण इत्यादि। शास्त्र भी शास+क्तिन् द्वारा निष्पन्न शब्द है, जिसका तात्पर्य है-आदेश, समादेश, किसी विषय पर समष्टि अध्ययन, जैसे-वेदान्तशास्त्र, न्यायशास्त्र, तर्कशास्त्र इत्यादि।

इस प्रकार नीतिशास्त्र का तात्पर्य हुआ, मनुष्य को ऐसे नीतिपूर्ण आदेश देना, जिससे व्यक्ति का तथा समाज का हित छिपा हो। यदि और अधिक स्पष्ट करें तो "नीतिशास्त्र वह मानवीय अथवा आदर्शमूलक शास्त्र है, जो सामाजिक जीवन जीने वाले सामान्य मनुष्यों के आचरण या ऐच्छिक कर्मों पर निष्पन्न एवं व्यवस्थित रूप से विचार करके उनके सम्बन्ध में उचित-अनुचित अथवा शुभ-अशुभ का निर्णय देने के लिये मापदण्ड प्रस्तुत करता है और इस निर्णय के आधार के लिये कुछ मूलभूत सिद्धान्तों अथवा मानकों या आदर्शों की स्थापना करता है।"[१५]

स्पष्ट है कि नीतिशास्त्र मनुष्य के आचरण पर केन्द्रित होता है। ऐसा आचरण, जो स्वयं व्यक्ति और समाज दोनों के लिये हितकारी हो। इसी बात को ध्यान में रखकर प्राचीन ऋषि-मुनियों ने नैतिक तथा धार्मिक ग्रन्थों की रचना की। ये ग्रन्थ हमें ऐसे नियम बताते हैं, **जिन पर चलने से मनुष्य का एहिक आमुष्मिक और सनातन कल्याण होता है।**[१६]

इन नियमों से समाज में स्थिरता व सन्तुलन बना रहता है, सब प्रकार से अभ्युदय होता है तथा विश्व में शान्ति स्थापित हो सकती है।

मनुष्य को चाहिये कि वह नीतियुक्त वचनों का पालन करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करे। ऐसा करने से मनुष्य का चरित्र उच्चकोटि का बन जाता है।

नीतिग्रन्थों[१७] में ग्रन्थ विशेष के रूप से उल्लेखनीय हैं-वेद, उपनिषद्, धर्मशास्त्र, महाभारत, गीता, संतों की वाणियाँ इत्यादि। रामायण और महाभारत नैतिक उपदेशों के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आर्ष ग्रन्थ हैं। रामायण से सम्बद्ध योगवासिष्ठ और महाभारत में भगवद्गीता, ये दोनों ही ग्रन्थ आध्यात्मिक उपदेशात्मक ग्रन्थ हैं।

तिरुक्कुरळ-गीता और नीतिशास्त्र-श्रीमद्भगवद्गीता के मत में नीतिशास्त्र को ब्रह्मविद्या से भिन्न मनुष्य के सारे आध्यात्मिक शास्त्रीय ज्ञान को अपूर्ण बतलाया है, क्योंकि भगवान् श्रीकृष्ण ने यह कहा है कि योगियों में भी भक्त, जो ईश्वर को पूर्ण मनोयोग से भजता है, श्रेष्ठ योगी है। अतः भगवद्गीता के नीतिशास्त्र का एक पक्ष शरीर आत्मा व जगत् के रहस्य के वास्तविक ज्ञान से है तथा दूसरा पक्ष ब्रह्म की प्राप्ति से है, ब्रह्मानुभव से है। ब्रह्मानुभव या ब्रह्म प्राप्ति की पृष्ठभूमि में ही नीति के सारे तत्त्व बोधगम्य है।[१८]

यथा-

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते।।६.९।।

'सुहृत, मित्र, शत्रु, उदासीन, मध्यस्थ, विद्वेष और बन्धु, साधु और पापी- इन सबों के प्रति समान बुद्धि रखने वाले, अर्थात् ब्रह्म दृष्टि से सभी को समान देखने वाले व्यक्ति ही श्रेष्ठ हैं।[१९]

भगवान् श्रीकृष्ण सन्तुलित आचार-व्यवहार बदलते हैं। वे कहते हैं -

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।।६.१७।।

अर्थात् परिमित भोजन और विहार करने वाले, कर्म में भी परिमित प्रयत्न करने वाले, परिमित निद्रा और जागरण करने वाले का चित्त वृत्ति निरोध रूप समाधि योग संसार दुःख दूर करने वाला होता है। प्रस्तुत श्लोक से स्पष्ट होता है कि 'योगसिद्धि हेतु आहार, विहार, साधन, भजन, कर्म, निद्रा, जागरण आदि सभी परिमित और नियमित होना चाहिये। **सर्वम् अत्यन्तं गर्तितम्** किसी भी विषय की अधिकता योग में बाधक है।[२०]

जितेन्द्रिय व्यक्ति की विशेषताएँ बतलाते हुए श्रीकृष्ण कहते हैं -

जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः।।६:७।।

अर्थात् जितेन्द्रिय, राग-द्वेष रहित मनुष्य का शुद्ध जीवात्मा शीत-उष्ण, सुख-दुःख, मान-अपमान आदि से विचलित न होकर आत्मा में निविष्ट रहता है। तात्पर्य यह है कि जितेन्द्रिय पुरुष इन्द्रियातीत अवस्था में प्रतिष्ठित रहते हैं, मन के सुख दुःख में वह विचलित नहीं होते हैं।[२१]

लोकमान्य तिलक ने अद्वैतवादी श्रीकृष्णानन्द स्वामी को उद्धृत किया है कि **''गीता वह नीतिशास्त्र अथवा कर्त्तव्य धर्मशास्त्र है, जो कि ब्रह्मविद्या से सिद्ध होता है।''**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महर्षि अरविन्द ने भी कहा है कि **''गीता का सन्देश केवल दार्शनिक अथवा विद्वच्चर्या का ही विषय नहीं है, अपितु आचार विचारों के क्षेत्र में भी वह सदैव जीता-जागता प्रतीत होता है।''**[२२]

